उज्जैन
शनिवार
04
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-150
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



चौधरी असलम की पत्नी ने संजय दत्त की तारीफ की कहा- उनकी एक्टिंग देख कर एक पल को लगा पति ही सामने खड़े हों



## राघव चड्ढा को केजरीवाल के घर पीटा, इलाज कराने इंग्लैंड गए सांसद

**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता पद से हटाए जाने के बाद विवाद बढ़ता जा रहा है। हरियाणा से आप के प्रदेश अध्यक्ष रहे नवीन जयहिंद ने आप नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जयहिंद ने वीडियो जारी कर दावा किया है कि राघव चड्ढा को दिल्ली में केजरीवाल के शीशमहल (सीएम हाउस) में बुलाकर मुर्गा बनाकर पीटा गया था। 4 नेताओं के सामने उनसे मारपीट हुई थी। जयहिंद ने यह भी कहा कि पिटाई में राघव की आंख पर चोट आई थी। इस चोट का इलाज कराने के लिए ही राघव इंग्लैंड गए थे। लोगों ने समझा कि राघव हनीमून मनाने के लिए इंग्लैंड गए हैं। राघव को सारे खुलासे खुलकर करने चाहिए।



## जंग के बीच ट्रम्प सरकार में उथल-पुथल:24 घंटे में निकाले गए आर्मी चीफ और अटॉर्नी जनरल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को हटाए जाने के बाद अब ट्रम्प सरकार में कुछ और बड़े अफसरों को निकाले जाने की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी वेबसाइट द अटलांटिक की रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर एफबीआई चीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने गुरुवार को आर्मी चीफ जनरल रैंडी जॉर्ज को तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया। व्हाइट हाउस के प्लान से जुड़े कई लोगों ने बताया कि और भी अधिकारियों को हटाने पर चर्चा चल रही है। इसमें आर्मी सेक्रेटरी डेनियल ड्रिस्कॉल और लेबर सेक्रेटरी लोरी चावेज-डीरेमर का नाम भी शामिल है।

## स्लो ओवर के लिए अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना

**मुंबई।** आईपीएल के 7वें मैच में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया, लेकिन इस मैच में स्लो ओवर रेट की वजह से कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन का पंजाब किंग्स का दूसरा ओवर-रेट अपराध है। इसलिए सिर्फ कप्तान ही नहीं, पूरी प्लेइंग इलेवन और इम्पैक्ट प्लेयर को भी सजा मिली है। बाकी सभी खिलाड़ियों पर 6 लाख या उनके मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, उतना जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल के नियमों के मुताबिक, अगर अब टीम से फिर ऐसी गलती होती है तो अय्यर पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगेगा और एक मैच का बैन भी झेलना पड़ेगा।



## अफगानिस्तान में भूकंप से 8 लोगों की मौत, पाकिस्तान में भी तेज झटके महसूस हुए

**काबुल।** अफगानिस्तान के काबुल में शुक्रवार देर शाम भूकंप से 8 लोगों की मौत हो गई। 6.3 तीव्रता के इस भूकंप के झटके पाकिस्तान के कई हिस्सों में भी महसूस किए गए, हालांकि वहां किसी नुकसान की खबर नहीं है। पाकिस्तान मौसम विभाग के अनुसार, भूकंप रात 9:13 बजे दर्ज किया गया। इसका केंद्र अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में था और गहराई जमीन से 190 किलोमीटर अंदर थी। भूकंप के झटके खैबर पख्तूनख्वा, इस्लामाबाद, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पंजाब के कुछ हिस्सों में महसूस किए गए। इससे पहले अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ में 3 नवंबर 2025 को 6.3 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई थी। सैकड़ों लोग घायल हो गए थे। भूकंप से शहर की ऐतिहासिक ब्लू मस्जिद को भी नुकसान पहुंचा था।

## मिनी बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, एक युवक की मौत

# ग्रामीणों ने लगाई आग, चक्काजाम किया

### 3 थानों की पुलिस ने शांत कराया हंगामा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में गरोठ रोड पर शुक्रवार रात मिनी बस और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। इसमें एक युवक की जान चली गई जबकि चार लोग घायल हैं। एक की हालत गंभीर है।

युवक की मौत से नाराज ग्रामीणों ने पहले बस पर पथराव किया, फिर आग लगा दी। हाईवे पर चक्काजाम कर टोल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। समझाइश देकर जाम खुलवाया।

पुलिस के मुताबिक, डीएल01 वीसी 5919 नंबर की मिनी बस दिल्ली से श्रद्धालुओं को लेकर महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आ रही थी। इसने तुलाहेड़ा टोल प्लाजा के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। ट्रैक्टर खाई में गिरकर पलट गया।





**ट्रैक्टर के नीचे दबा युवक-** इस पर सवार विजय सोलंकी (21) ट्रैक्टर के नीचे दब गया। वह करीब एक घंटे तक फंसा रहा। समय पर मदद नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार राजेश शर्मा, बस ड्राइवर शिवकुमार निवासी अमृतसर, यात्री बॉबी और धर्मेंद्र कुमार निवासी दिल्ली घायल हुए हैं। सभी को उज्जैन जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां दो यात्रियों की हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

### टोल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप

- प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ट्रॉली में गेहूं भरा था, जिसे उज्जैन अनाज मंडी ले जाया जा रहा था। हादसे के बाद ट्रैक्टर को खाई से निकालने के लिए टोल प्लाजा से क्रेन बुलाई गई, लेकिन वह करीब एक घंटे देरी से पहुंची। इसमें ट्रैक्टर उठाने के लिए पट्टा समेत दूसरा जरूरी सामान भी नहीं था। इससे ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। उन्होंने तोड़फोड़ कर बस में आग लगा दी। इसमें रखा सामान जलकर राख हो गए। हालांकि, सभी यात्री पहले ही सुरक्षित उतर चुके थे, जिन्हें दूसरे वाहनों से उज्जैन भेजा गया।
- हंगामे की सूचना मिलते ही राघवी थाना प्रभारी काजल सिंह, घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल और पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच और टोल प्रबंधन पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिला, जिसके बाद जाम खोला जा सका।

## नए एलपीजी कनेक्शन एक महीने के लिए बंद

### भोपाल में 5 दिन पहले बुक कराया सिलेंडर, लेने पहुंचे तो डिलीवर बताया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में एलपीजी गैस को लेकर आम लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इंदौर में नए एलपीजी गैस कनेक्शन के लिए पोर्टल को एक महीने के लिए बंद कर दिया गया है। खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी मोहनलाल मारू के मुताबिक इस अवधि के दौरान ई-केवायसी और नए कनेक्शन से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं भी सस्पेंड रहेंगी।

वहीं भोपाल के लालघाटी स्थित प्रियंका गैस एजेंसी पर शुक्रवार को सिलेंडर को लेकर जमकर हंगामा हुआ। बड़ी संख्या में लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पहुंचे थे। इनमें कई ऐसे ग्राहक भी शामिल थे, जिन्होंने 4 से 5 दिन पहले ही बुकिंग कराई थी।

ग्राहकों का आरोप है कि जब वे सिलेंडर लेने पहुंचे तो एजेंसी की ओर से बताया गया कि उनका सिलेंडर पहले ही डिलीवर किया जा चुका है, जबकि हकीकत में सिलेंडर उनके घर तक पहुंचा ही नहीं था। इस बात को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ गई। उन्होंने एजेंसी पर विरोध जताना शुरू कर दिया। ग्राहक अशोक उपाध्याय ने बताया, यह मामला सीधे सिलेंडर चोरी का है। 28 मार्च को बुकिंग कराई थी, लेकिन यह 3 अप्रैल की सुबह तक भी सप्लाई नहीं हुआ। इस पर एजेंसी पर पहुंचे और जानकारी ली। यहां से पता चला कि सिलेंडर तो पहले ही घर पर डिलीवर हो गया।

## विस्फोट करने आए 4 आतंकी अरेस्ट

### सरगना मेरठ का नाई दावा- पाकिस्तान ने धमाके का टारगेट दिया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

यूपी एटीएस ने लखनऊ से 4 आतंकियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया। इसका खुलासा शुक्रवार को किया। एटीएस के अनुसार, आतंकी पाकिस्तान के हैंडलर्स के कहने पर भारत में आगजनी और दहशत फैलाने की साजिश रच रहे थे।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए विदेशी नंबरों से जुड़े थे। लखनऊ समेत देश के प्रतिष्ठित संस्थानों, रेलवे स्टेशनों और गाड़ियों में विस्फोट करने की फिराक में थे। आतंकियों की पहचान साकिब उर्फ डेविल, विकास गहलावत उर्फ रौनक, लोकेश उर्फ बाबू, उर्फ पपला पंडित और अरबाब के रूप में हुई है। साकिब इस गिरोह का सरगना है। इनके पास से केमिकल से भरा कैन, 7 मोबाइल, 24 पंपलेट और आधार कार्ड बरामद हुए हैं। बरामद मोबाइल फोन से कई अहम डिजिटल सबूत मिले हैं। उनकी जांच की जा रही है।

### फार्मा इंडस्ट्री में शटडाउन का खतरा मंडरा रहा

## पैरासिटामोल, एजिथ्रोमाइसिन शुगर और बीपी की दवाएं महंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अब शहर के लोगों को दवाई महंगी मिल रही है। जो जानकारी प्राप्त हुई है उसके अनुसार मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण चीन से आने वाले एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स की सप्लाई बाधित होने और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से प्रदेश की फार्मा इंडस्ट्री में शटडाउन का खतरा मंडरा रहा है। फार्मा इंडस्ट्री में लगने वाले रॉ मटेरियल के रेट में 30 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है। इन बढ़े हुए रेट में भी रॉ मटेरियल की सप्लाई नहीं हो पा रही है, जिससे फार्मा यूनिट्स में काम बंद होने की नौबत आ गई है। एमपी की 300 फार्मा यूनिट्स में अब तीन शिफ्ट की जगह सिर्फ एक ही शिफ्ट में दवाओं का प्रोडक्शन हो रहा है। नजीता यह है कि रोजमर्रा में काम आने वाली पेरासिटामोल, एजिथ्रोमाइसिन, शुगर और बीपी की दवाएं महंगी हो गई हैं।

इंडियन ड्रग्स मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन मप्र के सचिव डॉ. अनिल सबरवाल ने बताया कि ड्रग्स में रॉ मटेरियल महंगा होने के कारण



प्रोडक्शन रेट बढ़ाना मजबूरी हो गया है। सरकार का डीपीसीओ यानी ड्रग एंटरप्राइजेज कंट्रोल अथॉरिटी है, उसने एक प्राइज दे रखा है कि आप किसी चीज को तय रेट से ज्यादा महंगा नहीं बेच सकते हैं। अब ओवरहेड खर्चे बढ़ गए हैं। 15 रुपए में 10 गोली का प्रोडक्शन कॉस्ट ही नहीं आ रहा है। ऐसे में सरकार 20 से 25 प्रतिशत रेट बढ़ाने का रिलेक्शन देती है, जो पहले ही दे चुकी है। फार्मा इंडस्ट्री को मिडिल ईस्ट तनाव के कारण रॉ मटेरियल और पैकेजिंग सामग्री की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। सप्लाई चेन बाधित है, लागत में वृद्धि हो रही है और इंजेक्टेबल दवाओं के निर्माण के लिए आवश्यक गैस की भी कुछ स्थानों पर कमी देखी जा रही है।



## खबर एक नजर...

### महाकालेश्वर गर्भगृह में बांधे मिट्टी के 11 कलश

**उज्जैन।** महाकालेश्वर के गर्भगृह में मिट्टी के 11 कलश (गलंतिका) बांधे गए हैं। 3 अप्रैल से 29 जून तक महाकालेश्वर का सतत जलधारा से अभिषेक किया जाएगा। 11 कलशों में गंगा, सिंधु, सरस्वती, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी, सरयू, शिप्रा, चंबल और गंडकी जैसी नदियों का स्मरण, आह्वान और ध्यान मंत्रों के साथ जल स्थापित कर भगवान पर निरंतर शीतल जलधारा अर्पण किया जाएगा। भस्मआरती के बाद बांधेंगे अभिषेक प्रतिदिन भस्मआरती के बाद शुरू होकर संध्या पूजन तक जारी रहेगा। पं. दिनेश पुजारी के अनुसार अधिकमास होने के कारण तीन माह जलधारा अर्पित करेंगे।

### 240 व्यंजन लेकर पहुंचे श्रद्धालु, लगाया भोग

**उज्जैन।** सिनगुने हनुमान जन्मोत्सव पर नागझिरी में भंडारा हुआ। गांव व आसपास के लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। बुधवार रात 8 बजे प्रमुख गलियों से बजरंगबली की शोभायात्रा निकाली। ग्रामीणों ने दर्शन-पूजा की। हनुमान मानस मंडल के तत्वावधान में सुंदरकांड पाठ हुआ। ग्राम जुलवानिया के प्राचीन मंदिर में रामायण पाठ व भंडारा हुआ। बड़गांव, मगरिया, मेहरजा, राजपुरा आदि के मंदिरों में रामायण पाठ किए गए। बलकवाड़ा में खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति ने 18वें वर्ष जन्मोत्सव का आयोजन किया। देवेंद्र बार्चे ने सुबह भगवान का अभिषेक, पूजा व श्रृंगार किया। सुंदरकांड पाठ व महाआरती हुई। ग्रामीण घर-घर से 240 व्यंजन लेकर पहुंचे व भोग लगाया। भंडारे का आयोजन हुआ। ग्राम सिनगुन के हनुमान मंदिर में पं. गोलू महाराज के नेतृत्व में हवन, पूजा, हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ हुआ। मंदिर को सजाया। भगवान का श्रृंगार, पूजन व महाआरती की। भंडारा हुआ।

### जादू नहीं विज्ञानः छात्रों ने बताए विज्ञान सिद्धांत व प्रयोग

**उज्जैन।** शासकीय कन्या उमावि सराफा में विकासखंड स्तरीय जादू नहीं विज्ञान प्रतियोगिता हुई। उज्जैन विकासखंड के 22 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के सिद्धांतों और प्रयोगों के जरिए रोचक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने यह भी समझाया कि किस तरह कुछ लोग ढोंग के जरिए ग्रामीण जनता को भ्रमित कर धन कमाते हैं और पानी में आग लगाने या बिना माचिस के हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित करने जैसी बातों से भ्रांतियां फैलाते हैं। निर्णायक सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. योगेंद्र कोठारी, प्राचार्य अमितोज भार्गव और ब्रजेश शर्मा रहे। संस्था प्राचार्य मुकेश त्रिवेदी ने अतिथियों और निर्णायकों का स्वागत किया।

### उज्जैन में गुड फ्राइडे पर निकाला जुलूस

**उज्जैन।** प्रभु ईसा मसीह की याद में पवित्र शुक्रवार को इसाई धर्मावलंबी गुड फ्राइडे मनाते हैं। शहर के कैथोलिक इसाई लोगों ने मारिया नगर चर्च से हाथ मे क्रास लेकर एक जुलूस निकाला जो ऋषिनगर, पुष्पामिशन अस्पताल होते हुए पुनः कैथोलिक चर्च पहुंचा। ऋषिनगर में लोगों ने पुष्पवर्षा की। कैथोलिक चर्च मे इस अवसर पर एक प्रार्थना सभा हुई और ईसा मसीह को याद किया गया। फादर ने सभी धर्मावलंबियों से ईसा मसीह की शिक्षाओं को आत्मसात कर जीवन को शांति व भाईचारे के साथ जीने की अपील की। इस धार्मिक जुलूस मे समस्त कान्वेंट स्कूल की सिस्टर्स व कैथोलिक धर्मावलंबी सम्मिलित हुए।

### प्राचीन बाल हनुमान मंदिर में छप्पन भोग व महाआरती

**उज्जैन।** आगर रोड गाड़ी अड्डा चौराहा स्थित जेसी मिल परिसर में विराजित अति प्राचीन श्री बाबा बाल हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। आयोजन की शुरूआत सुबह भगवान के दिव्य अभिषेक के साथ हुई, जिसमें 108 प्रकार की जड़ी-बूटियों, गंगाजल और फलों के रस का उपयोग किया गया। शाम को भगवान को छप्पन महाभोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात 'श्री बाबा बाल हनुमान मंदिर बचाओ संघर्ष समिति' के साथ अखिल भारतीय पुजारी महासंघ, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज, करणी सेना, महाकाल सेना, बजरंग दल, साहू समाज और कोली कोरी समाज के संयुक्त तत्वावधान में महाआरती का आयोजन किया गया।

# केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उमेश यादव महाकाल मंदिर पहुंचे

## वैशाख के पहले दिन भस्म आरती में शामिल होकर लिया आशीर्वाद, दोनों ने अपनी-अपनी पत्नियों के साथ पूजा-अर्चना की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में वैशाख मास के पहले दिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भारतीय क्रिकेटर उमेश यादव ने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। दोनों ने अपनी-अपनी पत्नियों के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे और लगभग दो घंटे तक भस्म आरती में शामिल रहे। इस दौरान वे पारंपरिक धोती-सोला में थे। आरती के बाद उन्होंने गर्भगृह में प्रवेश कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया और नंदी को जल अर्पित किया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने उनका स्वागत किया।





**कहा-बाबा महाकाल के दर्शन करना सौभाग्य की बात-** मीडिया से बातचीत में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि वैशाख मास के प्रथम दिन बाबा महाकाल के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने विश्व में शांति की कामना करते हुए बताया कि भस्म आरती में शामिल होकर उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति हुई है।

**उमेश बोले-बाबा के बुलावे के बिना कोई नहीं आ सकता-** वहीं, भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज उमेश यादव भी अपनी पत्नी के साथ भस्म आरती में शामिल हुए। उन्होंने भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उमेश यादव ने कहा कि वे अक्सर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने आते रहते हैं और उनका मानना है कि बाबा के बुलावे के बिना कोई यहां नहीं आ सकता। उन्होंने आगे कहा कि इस बार बाबा ने उन्हें थोड़ा देर से बुलाया, लेकिन दर्शन कर वे बेहद प्रसन्न हैं। उन्होंने पूरे विश्व के लिए मंगलकामना करते हुए कहा कि सब कुछ अच्छा हो। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम विषय पर आधारित एक प्रदर्शनी और तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ भी किया गया है।

# आज सांसद विधायक महापौर व अधिकारी लेंगे बच्चों की क्लास

## स्कूल चलें हम अभियान के तहत शनिवार को स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले में स्कूल चलें हम अभियान के तहत शनिवार को स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद, विधायक, महापौर सहित कुल 106 जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद करेंगे।

जिले में 15 जनप्रतिनिधि और 91 जिला अधिकारी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने सभी 91 अधिकारियों को अलग-अलग स्कूल आवंटित किए हैं। ये अधिकारी स्कूलों में पहुंचकर अधोसंरचना, पढ़ाई की स्थिति का जायजा लेंगे और विद्यार्थियों से चर्चा करेंगे। वहीं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रण भेजा गया है।



**ये प्रमुख जनप्रतिनिधि करेंगे विद्यार्थियों से संवाद-** सांसद अनिल फिरोजिया महाराजवाड़ा क्रमांक-1 पुलिस लाइन, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा भैरवगढ़ स्कूल, महापौर मुकेश टटवाल माधवगंज और सभापति कलावती यादव उत्कृष्ट माधवनगर स्कूल में विद्यार्थियों से चर्चा करेंगे।

इसके अलावा आयुक्त आशीष सिंह सांदीपनि स्कूल (जाल सेवा निकेतन), कलेक्टर रोशन कुमार सिंह मॉडल स्कूल, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सांदीपनि जीवाजीगंज, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक महाराजवाड़ा क्रमांक-3 और जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट नूतन इंदिरा नगर स्कूल में विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे।

**स्कूलों की व्यवस्था का भी लेंगे जायजा-** कार्यक्रम के दौरान अधिकारी स्कूलों की व्यवस्थाओं, अधोसंरचना और शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण करेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए उनके भविष्य को लेकर मार्गदर्शन भी देंगे। यह कार्यक्रम शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

# 21 दिन का इंतजार और मां का आखिरी दुलार, गुरकीरत सिंह पंचतत्व में विलीन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कनाडा में 14 मार्च को हत्या के 21 दिन बाद शुक्रवार को देवास रोड निवासी छात्र गुरकीरतसिंह मनोचा का शव उज्जैन आया तो सभी की आंखें नम हो गई। बिलखते हुए मां ऋतु मनोचा ने बेटे के सिर पर हाथ रख उसे अंतिम विदाई दी और बेटे के अंतिम दर्शन कराने वाले सभी लोगों को शुकराना बोला। वहीं पिता ने कहा कि बेटे को न्याय मिले, यही भारत सरकार से विनती है। देवास रोड स्थित निवास पर शव अंतिम दर्शन को लाया गया। यहां पर गुरकीरत को श्रद्धांजलि और परिजन को सांत्वना देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ हैं। निवास से अंतिम दर्शन के बाद अंतिम यात्रा गुरुद्वारा पहुंची, जहां अरदास के पश्चात चक्रतीर्थ पर शव का अंतिम संस्कार किया गया।


# विश्वविद्यालय में रिजल्ट तैयार करने में सामने आई बड़ी चूक

## ग्रेडिंग की बजाय अंक आधारित जारी कर दिया बीबीए, बीसीए और बीकॉम ऑनर्स का रिजल्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने हाल ही में बीबीए, बीसीए और बीकॉम ऑनर्स तृतीय सेमेस्टर के रिजल्ट जारी किए हैं, लेकिन रिजल्ट तैयार करने में न केवल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की अनदेखी की गई, बल्कि यूजीसी और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों का भी पालन नहीं किया गया।

ग्रेडिंग के साथ ही अंकों के आधार पर भी रिजल्ट तैयार कर जारी कर दिया गया और इसे विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया। अब जिम्मेदार लोग रिजल्ट को ग्रेडिंग सिस्टम में परिवर्तित कर मार्कशीट में संशोधन करने की बात कह रहे हैं।



3-2026, 11:59 AM Marksheet

Samrat Vikramaditya Vishwavidyalaya
Formerly Known as Vikram University Ujjain (M.P.)

BBA (Honours)

ANSHUMAN PRAJAPAT (V24R518230045)

Roll: 24121350 | Status: Regular | Semester: 3
Father: DEEPAK PRAJAPAT | Mother: DEEPMALA PRAJAPAT | Gender: Male
DOB: 2006-04-30 | College: 823-[DT] School of Studies in Commerce | Admission Year: 2024

| Code | Subject | Internal Marks Max | Internal Marks Obtained | External Marks Max | External Marks Obtained | Total Max | Total Obtained | Credit | Grade Point | Credit Point | Grade | Status |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BBA-H 301 | Management Information System | 40 | 31 | 60 | 26 | 100 | 57 | 5 | 6.00 | 30.00 | B | P |
| BBA-H 302 | Business Organisation | 40 | 33 | 60 | 18 | 100 | 51 | 5 | 6.00 | 30.00 | B | P |
| BBA-H 303 | Managerial Economics | 40 | 34 | 60 | 22 | 100 | 56 | 4 | 6.00 | 24.00 | B | P |
| BBA-H 304 | Project Management | 40 | 36 | 60 | 34 | 100 | 70 | 3 | 8.00 | 24.00 | A | P |
| BBA-H 305 | Office Procedure | 40 | 32 | 60 | 27 | 100 | 59 | 3 | 6.00 | 18.00 | B | P |

SGPA 6.3 Total Marks 293 / 500

RESULT PASS

**स्वयं के कंप्यूटर सेंटर की बजाय कंपनी से बनवाया रिजल्ट-** एनईपी के अनुसार रिजल्ट अंकों की बजाय ग्रेडिंग सिस्टम के आधार पर जारी किए जाते हैं। इसी आधार पर यूजीसी और उच्च शिक्षा विभाग ने भी ग्रेडिंग सिस्टम के आधार पर रिजल्ट के निर्देश जारी किए हैं। इधर, सभी ऑनर्स पाठ्यक्रमों और सीबीसीएस के अंतर्गत आने वाले कोर्स के रिजल्ट विश्वविद्यालय के ही कंप्यूटर सेंटर द्वारा तैयार किए जाते हैं। लेकिन इस बार बीबीए, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स तृतीय सेमेस्टर सहित अन्य कुछ रिजल्ट विश्वविद्यालय में रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य करने वाली कंपनी से बनवाए गए। वहीं से यह गड़बड़ी हुई। वेबसाइट पर जारी बीबीए, बीसीए और बीकॉम ऑनर्स तृतीय सेमेस्टर के रिजल्ट में ग्रेडिंग सिस्टम के अलावा अंकों को भी प्रदर्शित कर दिया गया है।

**रिजल्ट कहां बने नहीं पता-** कम्प्यूटर सेंटर में 150 से अधिक रिजल्ट तैयार किए हैं, लेकिन बीबीए, बीसीए और बीकॉम ऑनर्स तृतीय सेमेस्टर के रिजल्ट कम्प्यूटर सेंटर में नहीं बनाए गए हैं। यह रिजल्ट कहां बनवाए गए हैं, इस बारे में एग्जाम कंट्रोलर ही बता सकते हैं।

**- डॉ. विष्णु सक्सेना, सिस्टम इंजीनियर एवं कम्प्यूटर सेंटर इंचार्ज**

**मार्कशीट में ठीक करेंगे**

कम्प्यूटर सेंटर द्वारा समय पर कार्य नहीं करने के कारण विवि की निर्धारित रिजल्ट प्रोसेसिंग करने वाली कंपनी से कुछ रिजल्ट तैयार करवाए हैं। रिजल्ट को ग्रेडिंग सिस्टम में परिवर्तित कर ठीक किया जाएगा। इसके बाद मार्कशीट देंगे।

**- डॉ. एमके द्विवेदी, परीक्षा नियंत्रक, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय**

उज्जैन
शनिवार
04
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

> **अहङ्कारं बलं दर्पं कामं क्रोधं च संश्रिताः।**
> **मामात्मपरदेहेषु प्रद्विषन्तोऽभ्यसूयकाः।।**
>
> **अर्थः** वे मनुष्य जो अहंकार, हठ, अभिमान, कामना और क्रोध का आश्रय लेते हैं, मुझ अन्तरात्मा से ईर्ष्या करते हैं, जो दूसरों के शरीर में रहते हैं और मेरे गुणों में मुझे और दूसरों को दोष देते हैं।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में 30 से ज्यादा वूमन अचीवर्स का हुआ सम्मान

**इंदौर।** इंदौर में शुक्रवार को संस्था आकार विमेन ग्रुप द्वारा अभिवन कला केंद्र में मंजिलें और हम (वूमन अचीवर्स अवार्ड सेरेमनी) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 30 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. निकिता कुशवाह ने कहा कि यह आयोजन पूर्णतः महिलाओं और उनके बच्चों के समग्र विकास पर केंद्रित था। उन्होंने बताया कि संस्था केवल उपलब्धियों पर अवार्ड देने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं की पूरी जर्नी, उनकी सफलता और आगे कैसे आगे बढ़ा जाए, इस पर गहराई से काम करती है। महिलाओं को यह समझाया जाता है कि वे किस तरह अपनी क्षमताओं को पहचानकर सफलता प्राप्त कर सकती हैं। डॉ. निकिता वर्ष 2024 में मिसेस एशिया पैसिफिक विनर रह चुकी हैं। इसके बाद उन्होंने मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, पेरिस में फैशन शो में भागीदारी की और कांस्य सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए कोई रुकावट नहीं है, जरूरत सिर्फ आगे बढ़ने के हौसले की है। जो महिलाएं घर-परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही हैं, उनके लिए घर से बाहर भी अवसरों की एक दुनिया है, बस पहला कदम उठाने की जरूरत है।

### निःशुल्क शव-वाहन सेवा शुरू, सरकारी अस्पतालों से घर तक परिवहन

**इंदौर।** इंदौर में शोकाकुल परिवारों की सुविधा के लिए निःशुल्क शव-वाहन सेवा शुरू की गई है। यह सेवा सभी सरकारी अस्पतालों में उपचार के दौरान मृत्यु होने की स्थिति में लागू होगी। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई इस सेवा के तहत टोल-फ्री नंबर 155-334 जारी किया गया है। इस नंबर पर कॉल कर शव-वाहन बुलाया जा सकता है। सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हसानी के अनुसार, यह सुविधा जिले के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध रहेगी। इस सेवा के तहत मृतक को सम्मानपूर्वक परिजनों को सुपुर्द कर उनके निवास स्थान, मुक्तिधाम या कब्रिस्तान तक निःशुल्क पहुंचाया जाएगा। यह सुविधा जिले की सीमा के भीतर लागू रहेगी। यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों के लिए राहतकारी मानी जा रही है, जिससे उन्हें कठिन समय में परिवहन का अतिरिक्त बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

### अन्नपूर्णा पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा

**इंदौर।** इंदौर की अन्नपूर्णा पुलिस ने अपने इलाके में हो रही चोरियों का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य को पकड़ा है। आरोपी उत्तर प्रदेश से इंदौर आकर अपने साथियों के साथ चोरी की वारदात करता था। आरोपी से उसके साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। डीसीपी आनंद कल्याणदगी की टीम ने उत्तर प्रदेश के शाहनवाज खान को पकड़ा है। आरोपी ने अन्नपूर्णा इलाके में अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात की थी। पुलिस ने इस मामले में अभी तक दो चोरियों के बारे में उससे जानकारी ली है, जिनमें एक चोरी पान संचालक के यहां हुई थी। आरोपी ने अपने साथी के साथ यहां से करीब 25 तोला सोना चुराया था। हालांकि, पुलिस शाहनवाज से अभी पूछताछ कर रही है।

---

### 36 मौतों के बीच 72 दिन किया संघर्ष, 16 दिन वेंटिलेटर और 22 दिन आईसीयू में रहीं

# भागीरथपुरा की महिला ने जीती जिंदगी की जंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी ने 36 लोगों की जान ले ली। वहीं से एक 'चमत्कार' की कहानी सामने आई है। 67 वर्षीय पार्वती कोंडला ने न सिर्फ मौत को मात दी, बल्कि उस दुर्लभ जीबीएस (गिलियन-बैरे-सिंड्रोम) को भी हराया जिसने उनके शरीर को लकवाग्रस्त कर दिया था। 19.50 लाख का बिल, 72 दिनों का अस्पताल का संघर्ष और परिवार की अटूट श्रद्धा ने मिलकर यह नामुमकिन जीत हासिल की है।

27 दिसंबर को पार्वती पति भेरूसिंह कोंडला को सामान्य उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। लगा कि मामूली इंफेक्शन है, लेकिन दूषित पानी में मौजूद कैम्पीलोबैक्टर जेजुनी बैक्टीरिया ने उनके नर्वस सिस्टम पर हमला कर दिया। उसी दिन उन्हें उल्टी-दस्त के कारण शैल्बी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। यहां उसकी हालत खराब होती गई



और आईसीयू में रेफर करना पड़ा। जब हालत और खराब हुई तो 2 जनवरी को बॉम्बे हॉस्पिटल में रेफर किया। उन्हें जीबीएस सिंड्रोम हो गया था, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम अपनी ही नसों को खत्म करने लगता है। देखते ही देखते शरीर का एक हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया और किडनियों ने काम करना बंद कर दिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें शैल्बी से बॉम्बे हॉस्पिटल रैफर किया गया। डॉक्टरों ने कह दिया था कि बचने की उम्मीद सिर्फ 3-4% है। वे 16 दिन वेंटिलेटर और 22 दिन क्वब में रहीं। जब फेफड़ों ने साथ छोड़ दिया, तो डॉक्टरों ने गले में छेद (ट्रेकोस्टोमी) कर सांस लेने का रास्ता बनाया। 18 दिनों तक वे पूरी तरह बेहोश रहीं।

#### शासन की निगरानी में यह स्पेशल केस

- भागीरथपुरा का यह एक ऐसा है कि जिसे शासन द्वारा बारीकी से मॉनिटरिंग किया जा रहा है। खुद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 72 दिनों में कई बार उनकी हालत जानने हॉस्पिटल पहुंचे और परिजन को ढांढस बंधाया कि वे किसी की बात की चिंता न करें।
- उन्होंने परिवार को आश्वस्त किया कि 72 दिनों के इलाज का 19.50 लाख रुपए का खर्च शासन चुकाएगा।

#### 48 दिन बाद 9 मार्च को डिस्चार्ज हुई पार्वती

- 48 दिनों में पार्वती को एचडीयू में रेफर किया गया। इसके बाद बहुत ही धीरे-धीरे उनके स्वास्थ्य में सुधार होने लगा। यह देख डॉक्टरों को भी और उम्मीदें बढ़ी। 6 मार्च को डॉक्टरों ने उसका ट्रेकोस्ट्रीमिया सिस्टम बंद किया। फिर ट्यूब फीडिंग से लिक्विड डाइट शुरू की।
- इस दौरान पार्वती ने उसे ग्रहण करना शुरू किया तो और सुधार आया। वह परिवार के लोगों को न केवल पहचाने लगी बल्कि बीच-बीच में जवाब देने की कोशिश भी की। 9 मार्च को उन्हें डिस्चार्ज किया गया। अब सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी की टीम उनकी मॉनिटरिंग कर रही है।

#### अब घर पर जारी है 'रिकवरी' की दूसरी जंग

- बेटे प्रदीप ने कहा कि मां की रिकवरी किसी चमत्कार से कम नहीं है। डॉक्टर कह चुके थे कि अब सब भगवान भरोसे है, लेकिन मां की इच्छाशक्ति और डॉक्टरों की मेहनत ने उन्हें वापस लौटा दिया।
- प्रदीप ने कहा कि फिजियोथेरेपिस्ट, केयर टेकर और दवाओं का खर्च महीने का 60-70 हजार रुपए आ रहा है, जिसके लिए हमने शासन से मदद की गुहार लगाई है।
- अब वे हाथ उठाने लगी हैं और परिजनों को पहचान कर जवाब देने की कोशिश करती हैं। भले ही पार्वती जी घर आ गई हैं, लेकिन संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्हें दिन भर में 9 बार लिक्विड डाइट दी जाती है। 6 बार दूध-प्रोटीन और 3 बार अन्य लिक्विड डाइट ट्यूब के जरिए दी जाती है।

---

# लड़कियों की मारपीट का वीडियो वायरल

### युवती को युवकों के साथ मिलकर बेरहमी से पीटा, छेड़छाड़ और कमेंट्स को लेकर हुआ विवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में लड़कियों के बीच मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक गार्डन के अंदर और सड़क पर कुछ लड़कियां एक युवक के साथ मिलकर एक युवती के साथ मारपीट करती नजर आ रही हैं।

यह वीडियो हीरानगर इलाके का बताया जा रहा है। विवाद की वजह छेड़छाड़ और आपत्तिजनक कमेंट है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लड़कियां पीड़ित युवती को घेरकर उसे बेरहमी से पीट रही हैं। इस दौरान मौके पर मौजूद साथियों ने पूरी घटना का वीडियो भी बना लिया, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।



**पुलिस ने लिया संज्ञान, जांच शुरू-** मामले को लेकर टीआई सुशील पटेल ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है। फिलहाल इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस वीडियो की जांच कर रही है और यदि कोई पीड़ित सामने आता है या शिकायत मिलती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मारपीट करने वाले युवकों की भी वीडियो के आधार पर पहचान कराई जा रही है।

**बाणेश्वरी कुंड में की थी युवक-युवती की पिटाई-** बाणेश्वरी कुंड का इसी तरह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ युवकों द्वारा एक युवक और युवती की पिटाई की जा रही थी। यह मारपीट का वीडियो सोमवार का बताया गया था, जिसे बाद में वायरल किया गया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले युवकों की पहचान कर ली है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

---

# इंदौर के चर्चित मर्डर केस में उद्योगपति हेमंत बरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के चर्चित ड्राइवर अपहरण-हत्या प्रकरण में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश भारतकुमार व्यास की कोर्ट ने उद्योगपति हेमंत नीमा, उनके पुत्र पीयूष नीमा समेत सभी 12 आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। अन्य आरोपियों में जगदीश, रितेश, राहुल, हरीश, सुरेंद्र सिंह, शेखर, लोकेश, मोहन, व्यापक और कुणाल शामिल हैं। बचाव पक्ष की ओर से सीनियर एडवोकेट अविनाश सिरपुरकर और उदयप्रताप सिंह ने पैरवी की। कोर्ट ने मामले में गवाहों के पक्षद्रोही (होस्टाइल) होने पर गंभीर टिप्पणी की है। अदालत ने एसपी इंदौर को निर्देश दिए हैं कि गवाहों के पलटने की वजह की जांच की जाए। कोर्ट ने एएसआई भागीरथ जाट, तहसीलदार रितेश जोशी, डॉ. संजय वाधवानी, डॉ. नीरज गुप्ता और डॉ. जिनेन्द्र कुमार सेठिया की भूमिका की भी जांच के आदेश दिए हैं। यह पता लगाया जाएगा कि गवाह स्वाभाविक रूप से मुकरे या किसी दबाव या लाभ के चलते उन्होंने न्याय प्रक्रिया में सहयोग नहीं किया। यह मामला 10 मार्च 2020 का है। महाराष्ट्र के धारफुले निवासी प्रमोद मतकर की हत्या कर शव सिमरोल क्षेत्र के भेरूघाट जंगल में फेंक दिया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई थी और शरीर पर मारपीट के निशान मिले थे।

---

# गले में आरपार घुसा 12एमएम का सरिया, ऑक्सीजन नली के पास फंसा

### काम के दौरान हादसे में गले में सरिया घुस जाने से गंभीर रूप से घायल मजदूर को डॉक्टरों ने 3 घंटे सर्जरी कर नई जिंदगी दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

काम के दौरान हादसे में गले में सरिया घुस जाने से गंभीर रूप से घायल मजदूर को डॉक्टरों ने नई जिंदगी दी है। खरगोन से इंदौर लाए गए 30 वर्षीय युवक की एमवाय अस्पताल में साढ़े तीन घंटे चली जटिल सर्जरी कर सरिया सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। खास बात यह रही कि सरिया ब्रेन को ऑक्सीजन सप्लाई करने वाली नस और आहार नली के बेहद करीब फंसा हुआ था।





खरगोन निवासी 30 वर्षीय सद्दाम 1 अप्रैल को सुबह करीब 10:30 बजे काम के दौरान गिर गया। गिरते ही लोहे का मोटा सरिया उसके गले में आरपार घुस गया। गंभीर हालत में परिजन उसे तुरंत इंदौर के एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने इसे बेहद चुनौतीपूर्ण केस माना।

डॉक्टरों का कहना है कि यह केस बेहद संवेदनशील था। ऑपरेशन के दौरान मिलीमीटर की सटीकता जरूरी थी। टीमवर्क और सावधानी के चलते मरीज की जान बचाई जा सकी।

**ब्रेन की नस और आहार नली के पास फंसा था सरिया-** सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. अरविन्द शुक्ला के मुताबिक, सरिया करीब 12 एमएम मोटा था और गर्दन के उस हिस्से में फंसा था जहां से ब्रेन को ऑक्सीजन सप्लाई करने वाली महत्वपूर्ण नस और आहार नली गुजरती है। डॉक्टरों के अनुसार, अगर ऑपरेशन के दौरान इनमें से किसी भी हिस्से को नुकसान पहुंचता तो मरीज को लकवा हो सकता था या उसकी जान भी जा सकती थी।

**साढ़े 3 घंटे चला ऑपरेशन, टीम ने बचाई जान-** डॉक्टरों की टीम ने पहले जरूरी जांचें कर सर्जरी की योजना बनाई। इसके बाद करीब साढ़े तीन घंटे तक चले ऑपरेशन में सरिया को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। इस जटिल सर्जरी में डॉ. अविनाश गौतम, डॉ. उपेन्द्र पाण्डेय, डॉ. रामेंद्र गुर्जर, सीनियर रेजिडेंट डॉ. सुब्रजीत नायक सहित अन्य डॉक्टर शामिल रहे। एनेस्थीसिया विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी जैन और उनकी इमरजेंसी टीम का भी अहम योगदान रहा।

## खबर एक नजर...

### सेवादल के साथी कभी नहीं डरते.. परिस्थिति जैसी भी हो

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा असम विधानसभा चुनाव के लिए गुवाहाटी का प्रभारी बनाए जाने के बाद उज्जैन के कांग्रेस नेता हर्ष जैन ने अपना जनसंपर्क और जमीनी कार्य तेज कर दिया है। सेवादल प्रभारी के रूप में जैन ने न्यू गुवाहाटी विधानसभा के हरिम्बापुर क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय निवासियों की समस्याओं को करीब से जाना। हरिम्बापुर एक पहाड़ी क्षेत्र है, जहां हमेशा लैंडस्लाइडिंग का खतरा बना रहता है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि आवाजाही के लिए बनी करीब 200 सीढ़ियां स्थानीय बुजुर्गों और मरीजों के लिए एक बड़ी बाधा हैं। ग्रामीणों की प्रमुख मांग है कि इन सीढ़ियों की जगह एक सुगम 'घाटी मार्ग' विकसित किया जाए, ताकि छोटी गाड़ियां सीधे बस्ती तक आसानी से पहुंच सकें। ग्रामीणों की इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए हर्ष जैन ने न्यू गुवाहाटी के क्षेत्रीय प्रत्याशी शांतनु बोरा से चर्चा की। उन्होंने प्रत्याशी को जनभावनाओं व क्षेत्र की जमीनी हकीकत से विस्तार से अवगत कराया। इस मौके पर जैन ने कहा कि जनता की सेवा ही कांग्रेस सेवादल का प्रथम संकल्प है।

### प्राचीन बाल हनुमान मंदिर में छप्पन भोग व महाआरती, भव्य निर्माण का लिया संकल्प

**उज्जैन।** आगर रोड गाड़ी अड्डा चौराहा स्थित जेसी मिल परिसर में विराजित अति प्राचीन श्री बाबा बाल हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। आयोजन की शुरूआत सुबह भगवान के दिव्य अभिषेक के साथ हुई, जिसमें 108 प्रकार की जड़ी-बूटियों, गंगाजल और फलों के रस का उपयोग किया गया। शाम को भगवान को छप्पन महाभोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात 'श्री बाबा बाल हनुमान मंदिर बचाओ संघर्ष समिति' के साथ अखिल भारतीय पुजारी महासंघ, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज, करणी सेना, महाकाल सेना, बजरंग दल, साहू समाज और कोली कोरी समाज के संयुक्त तत्वावधान में महाआरती का आयोजन किया गया।

### 251 श्रद्धालुओं का जत्था लौटा उज्जैन, यात्रा के दौरान हुए कई धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन

# जगन्नाथ दर्शन और चम्पारण में भव्य मनोरथ के साथ वल्लभ वैष्णव मंडल की 8 दिवसीय यात्रा संपन्न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वल्लभ वैष्णव मंडल, वल्लभ वैष्णव महिला मंडल एवं युवा मंडल के तत्वावधान में आयोजित 251 वैष्णवों की आठ दिवसीय चम्पारण-जगन्नाथ दर्शन यात्रा शुक्रवार सुबह 9 बजे उज्जैन लौट आई। मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में 28 मार्च को रवाना हुई इस धार्मिक यात्रा का 3 अप्रैल को शहर वापसी के साथ ही सफलतापूर्वक समापन हुआ।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने चम्पारण स्थित सुदामाकुटी में प्रवास किया। यहाँ बैठकजी दर्शन, राजभोग, शोभायात्रा, भव्य चवरी विवाह मनोरथ और गौ सेवा जैसे धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह भी आयोजित किए गए। झारी चरण-स्पर्श और नंद महोत्सव मनोरथ का लाभ लेने के पश्चात सभी यात्री



बस व रेल मार्ग से जगन्नाथ पुरी पहुंचे। पुरी में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन, बैठकजी दर्शन व झारी चरण स्पर्श कर समुद्र तट एवं शहर का भ्रमण किया। इसके अलावा भुवनेश्वर, कोणार्क और साक्षी गोपाल आदि तीर्थ स्थानों के दर्शन का भी लाभ लिया। शुक्रवार सुबह देवास पहुंचने के पश्चात सभी यात्री बस द्वारा उज्जैन वापस लौटे।

### इन पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ संचालन

इस 8 दिवसीय यात्रा का सफल संचालन विभिन्न पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ। इनमें अध्यक्ष आनंद पुरोहित, अमित नागर व नुपुर नीमा, कोषाध्यक्ष मनीष नागर, नीतिन नीमा व कामिनी शाह, सचिव जयेश श्रॉफ, अमर दिसावल व मनीषा नागर, समन्वयक राजेन्द्र शाह, विशाल नीमा व हेतल शाह तथा यात्रा संयोजक श्याम माहेश्वरी, रमेश चतुवेर्दी, राजेन्द्र शाह और दीपक राजवानी शामिल रहे।

## उज्जैन के व्यंग्यकार डॉ. हरीशकुमार सिंह को आचार्य कृष्णदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार

### साहित्य गरिमा पुरस्कार समिति ने कृति चयनित व्यंग्य रचनाएँ के लिए किया सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर के व्यंग्यकार डॉ. हरीशकुमार सिंह को साहित्य गरिमा पुरस्कार समिति, हैदराबाद द्वारा वर्ष 2025 के 'अखिल भारतीय आचार्य कृष्णदत्त हिंदी साहित्य व्यंग्य लेखन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर चयनित उनकी कृति ह्यचयनित व्यंग्य रचनाएँह्न के लिए प्रदान किया गया है।

हैदराबाद में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ. सिंह को यह अलंकरण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आंध्र प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक विश्वजीत सपन, अध्यक्ष प्रो. शुभदा वांजपे और विशिष्ट अतिथि डॉ. शिवशंकर अवस्थी थे। मंच पर आत्मीय अतिथि शांति अग्रवाल, प्रो. ऋषभदेव शर्मा, संयोजक प्रदीप दत्त, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण प्रणव, डॉ. आशा मिश्रा मुक्ता और डॉ. सुरभि दत्त उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से डॉ. सिंह को शॉल, श्रीफल, अंगवस्त्र, सम्मान राशि, अभिनंदन पत्र और ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया।

डॉ. सिंह की इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर प्रो. हरिमोहन बुधौलिया, डॉ. पिलकेंद्र अरोरा, मुकेश जोशी, दिनेश दिग्गज, शशांक दुबे, शांतिलाल जैन, संतोष सुपेकर, रमेशचन्द्र शर्मा और संदीप सृजन सहित शहर के साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### 5 दिवसीय श्री हनुमान जयंती महोत्सव की पूणार्हुति

## मखमल की पोशाक में सजे बाबा गुमानदेव

### 11 प्रकार के फलों के रस से हुआ स्नान, छप्पन भोग और महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पीपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर चल रहे 5 दिवसीय श्री हनुमान जयंती महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। पूणार्हुति के अवसर पर बाबा गुमानदेव मखमल की पोशाक में सजे और उन्हें छप्पन भोग अर्पित किया गया।

गादीपति ज्योतिषाचार्य पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि परंपरानुसार महोत्सव के अंतर्गत बाबा गुमानदेव हनुमान का पंचामृत, 11 प्रकार के फलों के रस और औषधियों से स्नान कराया गया। इसके पश्चात उनका आकर्षक श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाया गया। संपूर्ण मंदिर परिसर को सुगंधित



फूलों और आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था।

गुरुवार को प्रातः जन्म आरती के बाद हवन एवं पूणार्हुति संपन्न हुई। रात्रि 8.30 बजे महाआरती की गई। इसमें नन्हे बच्चों को भगवान हनुमान और माता अंजनी के स्वरूप में तैयार किया गया था, जो दर्शनार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक रविंद्र त्रिवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी अनंतनारायण मीणा, देवदत्त शर्मा, श्याम मेहता, महेश जोशी, राजेश भाटी, अभिषेक देवड़ा, पं. कमलेश भाईजी, विकास गादिया, मनीष रावल, मुकेश भाटी, गजेंद्र मारोठिया, राहुल भाटी, अक्षत जोशी, कमल मोरिया, नवनीत खत्री, अभिनव जोशी, वासुदेव लोधा, मनीष ठाकुर, कन्नू खटवानी, पं. जयंत द्विवेदी, अधीश द्विवेदी, हेमंत जोशी, कैलाश जाट, वासुदेव रावल और दिनेश रावल सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# काल भैरव मंदिर में दर्शन के नाम पर खुली लूट, वीआईपी दर्शन के बहाने अवैध वसूली

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कलेक्टर से की ईमानदार कर्मचारी तैनात करने की मांग, पूर्व में भी सामने आ चुकी हैं अभद्रता और ठगी की घटनाएं

### जनवरी में ठगी के आरोप में जेल जा चुके हैं 9 लोग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री काल भैरव मंदिर में दर्शनार्थियों से वीआईपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आ रहे है। मंदिर परिसर में कुछ लोगों द्वारा खुलेआम पैसे लेकर जल्दी दर्शन कराने का गोरखधंधा चलाया जा रहा है। इस कारण दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस गंभीर अव्यवस्था को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने जिला प्रशासन और कलेक्टर का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। उन्होंने बताया कि मंदिर में दर्शन के नाम पर खुलेआम लूटपाट और भ्रष्टाचार किया जा रहा है। भाटी ने



मांग की है कि प्रशासन इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करे और व्यवस्था सुधारते हुए मंदिर में ईमानदार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी या ठगी का शिकार न होना पड़े।

सुरक्षाकर्मियों का पूर्व में भी रहा है विवादित रवैया

काल भैरव मंदिर में श्रद्धालुओं को परेशान किए जाने और विवाद के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। हाल ही में 22 नवंबर 2025 की शाम मंदिर के मुख्य द्वार पर महाराष्ट्र से आए 40 लोगों के दल के साथ कोर सिक्योरिटी के गाड्र्स ने धक्का-मुक्की और अभद्रता की थी। भारी भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं को जल्दी निकलने का दबाव बनाते हुए सुरक्षाकर्मियों ने दल में शामिल बुजुर्ग महिलाओं को भी जबरन धक्के दिए थे। इस मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद भैरवगढ़ थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की थी और थाने में दोनों पक्षों को समझाइश देकर सुरक्षाकर्मियों को संयम बरतने के सख्त निर्देश दिए थे।

इससे पहले वर्ष 2024 में भी मंदिर के सुरक्षाकर्मियों और श्रद्धालुओं के बीच मारपीट की बड़ी घटना सामने आई थी। तब गार्डों द्वारा बेल्ट और डंडों से की गई मारपीट के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए 40 दुकानों को हटाकर वहां पार्किंग बनाई थी।

मंदिर में शीघ्र दर्शन के नाम पर ठगी का रैकेट लंबे समय से पनप रहा है। इसी वर्ष जनवरी 2026 में पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। ये लोग श्रद्धालुओं को जबरदस्ती फूल-प्रसादी खरीदने और रुपए लेकर जल्दी दर्शन कराने का झांसा देते थे। इन सभी 9 आरोपियों को एसडीएम कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया था। जेल की इस कार्रवाई के बावजूद, एक बार फिर मंदिर में अवैध वसूली की नई शिकायतों का सामने आना सुरक्षा और व्यवस्था प्रबंधन पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है।

## खबर एक नजर...

### बाबा बाल विजय मस्त हनुमान की पालकी पर तोपखाने में की पुष्पवर्षा

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित श्री बाबा बाल विजय मस्त हनुमान का चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। हर साल की तरह इस साल भी पालकी के तोपखाना पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। बाबर खान मित्र मंडली द्वारा आयोजित इस समारोह में पालकी पर जमकर पुष्पवर्षा की गई।

इस दौरान श्री राम कथा व्यास सुलभ शांतु गुरुजी महाराज, महाकाल मंदिर समिति के पंडित-पुजारियों और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का साफा बांधकर एवं दस्तारबंदी कर आत्मीय सम्मान किया गया। स्वागत सत्कार के इसी क्रम में भाजपा सराफा मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, एमआईसी सदस्य व भाजपा पार्षद रजत मेहता, अभिषेक शर्मा और हेमंत जी का भी साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ. आसिफ नागौरी, शहजाद नागौरी, इमरान खान, अम्मार भाई और बाबर खान सहित मित्र मंडली के अन्य सदस्यों ने गैर पर फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया।

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी महासंघ का धरना प्रदर्शन

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों और कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर मक्सी रोड स्थित वृत्त कार्यालय प्रांगण में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन महासंघ के प्रभारी आनंद शिंदे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। महासंघ के मीडिया प्रभारी रवि राठौर ने बताया कि धरने को मुख्य रूप से म.प्र. बिजली कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुशील पाण्डेय, भारतीय मजदूर संघ उज्जैन आगर विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी और बीएमएस के जिला उपाध्यक्ष अब्दुल हाफिज खान ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन के समक्ष 11 सूत्रीय मांगों के त्वरित निराकरण की बात रखी।

इस शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन में प्रकाश चौरसिया, मनीष कारपेंटर, राजेश सोहनी, राजेश भटनागर, अतुल शिवहरे, पी. गुमास्ते, संजय गोठवाल, सुबोध जोशी, घनश्याम जागरी, मनीष डोंगरे, अजीज मंसूरी, मोहन सोनी, नवनीत राय, आदित्य जैन, शिवनंदन तिवारी, प्रशांत उम्बरे, अरुण मालवीय, रमेश पवार, गौरव मंडोर, संजय पटेल, विनोद चौहान, राघवेंद्र सिंह, ऋषभ भटनागर, जगदीश आठ्या, अब्दुल आजाद, अखिलेश कुशवाह, भगवान भाटी और दिलीप श्रीवास सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मंगलेश्वर महादेव मंदिर में मनाया मंगल मारुति नंदन का जन्मोत्सव

**उज्जैन।** अवंतीपुरा स्थित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में मंगल मारुति नंदन का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से भगवान का दुग्धाभिषेक कर चोला चढ़ाया गया और मनमोहक श्रृंगार किया गया।

# बालिकाओं ने तलवारबाजी और कलाबाजी से जीता सबका दिल, हासिल किया प्रथम स्थान

### अद्भुत कला प्रदर्शनः कोच पूजा चौहान की टीम ने फिर लहराया जीत का परचम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन






सिद्ध योगी श्री श्री 1008 स्वामी सांदीपेन्द्र जी महाराज के जन्मोत्सव अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच पूजा चौहान की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर उज्जैन का नाम रोशन किया है। टीम की बालिकाओं ने हैरतअंगेज कलाबाजी और तलवारबाजी सहित आत्मरक्षा कला का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस विशेष आयोजन में कोच पूजा चौहान के नेतृत्व में उतरी टीम की सभी बालिकाओं ने पारंपरिक मराठी साड़ी पहनकर अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसने वहां मौजूद सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद 108 गुरु महाराज श्री रामनाथ जी द्वारा कोच पूजा चौहान का विशेष सम्मान किया गया। उन्हें आशीर्वाद स्वरूप मां बगलामुखी की तस्वीर भेंट की गई। इसके साथ ही टीम की सभी बालिकाओं का हार पहनाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें साड़ी और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस शानदार जीत और कला प्रदर्शन में कोच पूजा चौहान के साथ सुहाना प्रजापत, चित्रा चतुर्वेदी, संजना सुनहरे, पीहू सुनहरे, नूपुर सोनी और मोना शर्मा शामिल थीं। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 9 की सपना सांखला ने भी टीम के साथ इस प्रदर्शन में विशेष रूप से भाग लिया। टीम की इस सफलता और आयोजन की व्यवस्थाओं में मंजू चतुर्वेदी, सरोज शर्मा, रितिक सोनी, छवि कदम और मंजू जैन का भी सराहनीय योगदान रहा।

**नीलगंगा सरकार में कन्याओं, गुरु-महंतों के साथ हजारों भक्तों ने ग्रहण की महाप्रसादी**

# धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव, आतिशबाजी, महाआरती के साथ संपन्न हुआ 16वां विशाल भंडारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्री अंजनीपुत्र नीलगंगा हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भव्य आतिशबाजी की गई और महाआरती का आयोजन हुआ। मंदिर ट्रस्ट एवं भक्तगण द्वारा आयोजित 16वें विशाल भंडारे में 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजन-प्रसादी ग्रहण की।

कार्यक्रम के दौरान कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न अखाड़ों के गुरुओं और महंतों को भी विशेष रूप से भोज कराया गया। मंदिर के महंत अर्पित दास एवं पुजारी राजू गुरु के मार्गदर्शन में दोपहर में सुंदरकांड पाठ और तत्पश्चात शाम को महाआरती संपन्न हुई। माता अंजनी के साथ श्रीहनुमान जी के इस सिद्ध पीठ में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नीलगंगा सरकार मंदिर अपनी प्राचीनता और पौराणिकता के लिए विख्यात है। स्कंद पुराण के अवन्ती खंड में इस पवित्र स्थल का उल्लेख मिलता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां माता अंजनी के साथ श्रीहनुमान जी ने तपस्या की थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार मां गंगा के यहां गुप्त रूप से प्रकट होने के कारण इस तीर्थ का नाम नीलगंगा पड़ा। इस पावन स्थल पर कई वर्षों से प्रज्वलित अखंड धूना भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है।

### शिप्रा तट पर श्रद्धापूर्वक मनी हनुमान जयंती, विराट हनुमान की हुई महाआरती

**उज्जैन।** महाकाल के आंगन और शिप्रा तट किनारे स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में मौजूद श्री विराट हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, वास्तुविद एवं पुजारी पंडित डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला और पंडित आर्यन शुक्ला के आचार्यत्व में यह जयंती पर्व संपन्न हुआ। 11 वेद पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में भव्य सुंदरकांड का आयोजन हुआ। श्री विराट हनुमान जी की महाआरती में सतगुरु आश्रम नरसिंहगढ़ के गुरु प्रफुल्ल तोमर, आचार्य नरेंद्र शर्मा और डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. विशाल शुक्ला और आर्यन शुक्ला ने गुरु प्रफुल्ल तोमर तथा नरेंद्र शर्मा का तिलक कर सम्मान किया।

# एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का मुख्य आरोपी दो साथियों सहित गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने गरोठ के ग्राम सुरजना में पकड़ी गई एमडी ड्रग्स फैक्ट्री के मुख्य आरोपी प्रधान सिंह को उसके दो साथियों के साथ अवैध अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 245 ग्राम अवैध अफीम जप्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2,49,000 रुपये आंकी गई है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तीन संदिग्ध व्यक्ति रेलवे ग्राउंड शामगढ़ के पास खड़े हैं और ट्रेन के जरिए अवैध मादक पदार्थ लेकर दिल्ली या पंजाब की ओर निकलने की फिराक में हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय के निर्देशन में उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर प्रधान सिंह (28) पिता मदन सिंह निवासी नलखेड़ा, भगवान सिंह उर्फ बबलू सिंह (27) पिता चन्दर सिंह निवासी नलखेड़ा और दिलीप सिंह (33) पिता मदन सिंह निवासी खेजड़िया मेघा को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से प्लास्टिक की थैली में अफीम बरामद हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज किया है।

उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया मुख्य आरोपी प्रधान सिंह शातिर और आदतन अपराधी है। वह ग्राम सुरजना में पकड़ी गई एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का मुख्य आरोपी है और घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। पुलिस जांच में यह सामने आया था कि प्रधान सिंह द्वारा सप्लाई किए गए केमिकल्स से ही फैक्ट्री में 12 किलो 610 ग्राम एमडी का गाढ़ा मिश्रण और 102 ग्राम तैयार एमडी बनाई गई थी। आरोपी के विरुद्ध झालावाड़ जिले के इकलेरा थाने में भी तस्करी के मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस प्रधान सिंह से ड्रग्स फैक्ट्री मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों और अफीम के स्त्रोतों के संबंध में कड़ी पूछताछ कर रही है।

# कलेक्टर श्री सिंह ने किया शासकीय सांदीपनि विद्यालय तराना के छात्रों से संवाद

### कलेक्टर ने किया ग्राम पंचायत कायथा का सघन निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने बुधवार दोपहर अनुभाग तराना का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, एसडीएम श्री बृजेश सक्सेना, तराना जनपद पंचायत सीईओ, कृषि विभाग के अधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर श्री सिंह ने जनपद तराना की ग्राम पंचायत कायथा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम पंचायत भवन, शासकीय विद्यालय कायथा, आंगनवाडी केंद्र कायथा का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान शासकीय विद्यालय कायथा में अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त कर बीआरसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय भवन के निर्माण का शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ और ग्राम पंचायत सचिव से ग्राम में पेयजल आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा पेंशन और अन्य सामाजिक पेंशनों की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम में विधवा पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों को प्राप्त हो इस पर विशेष ध्यान देंने के निर्देश दिए। पंचायत सचिव ने जानकारी दी कि लगभग सभी 1200 घरों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ग्राम कायथा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 141 आवासों में से 107 पूर्ण हो गए है। शासकीय प्राथमिक विद्यालय कायथा के औचक निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि विद्यालय में 20 बच्चों ने कक्षा 1 में प्रवेश लिया है। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान यू डाइस पोर्टल पर सभी नवीन शाला प्रवेशी बच्चों के ऑनलाइन पंजीयन की स्थिति, शिक्षकों का हाजिरी रजिस्टर देखा और ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित छात्रों से चर्चा कर पढ़ाई और मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कायथा का निरीक्षण कर एचपीवी टीकाकरण अभियान अंतर्गत किए गए कार्य की जानकारी ली। मेडिकल अधिकारी ने जानकारी दी कि 20 में से 7 छात्राओं का टीकाकरण किया जा चुका है। पंचायत स्तर पर गठित दलों द्वारा घर-घर जाकर जागरुक करने से शीघ्र ही शत-प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण कर लिया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### पूर्व सरपंच की पुत्र वधू प्राची पटेल परीक्षा उत्तीर्ण कर बनी बैंक अधिकारी

**सारंगपुर।** सारंगपुर जनपद पंचायत के ग्राम लीमाचौहान के पूर्व सरपंच रमेश पप्पु कलमोदिया की पुत्र वधु प्राची पटेल ने अपनी कड़ी मेहनत और लग्न से आइबीपीएस आरआरबी पीओ परीक्षा में पहली ही प्रयास में सफलता हासिल कर बैंक अधिकारी का पद प्राप्त कर परिवारजनों का नाम गौरांवित किया है। प्राचीन की कहानी मेहनत और धैर्य की प्रेरणादायक मिशाल है। प्राची ने बताया कि उन्होंने कोविड के बाद लगातार बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी की और आखिरकार अपनी बेहतर का फल प्राप्त किया। गांव में रहते हुए उनके पिता उन्हें बेटे जैसा सहयोग दिया और शादी के बाद ससुराल वालों ने भी समाज की बातों की परवाह किए बिना उनका पुरा साथ निभाया, जिससें आज वह सफल हुई है।

### भारतीय जनता पार्टी महिदपुर नगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**महिदपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल के निदेर्शानुसार एवं उज्जैन ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ की सहमति से महिदपुर नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती उमा पाण्डे ने मण्डल कार्यकारणी घोषित की। नवीन कार्यकारणी जिसमें मण्डल उपाध्यक्ष - सतीश यादव , बजेसिंग पंवार, बहादुरसिंह आंजना, निर्भयसिंह भाटी, शरद परमार, वीरेन्द्र नवलखा, मण्डल महामंत्री- दिनेश ग्रोवर, निलेश सोलंकी, मण्डल मंत्री - प्रदीप पण्ड्या, वीरेन्द्रसिंह , श्रीमती दीपा बामनिया, श्रीमती सोना मालवीय , श्रीपाल राठी , श्रीमती ललिता परमार, कोषाध्यक्ष - श्रीमती आरती रावल , सह-कोषाध्यक्ष हरिश बैरागी , कार्यालय मंत्री अर्जुन गरासिया, मण्डल मीडिया प्रभारी अर्जुनसिंह ठाकुर , सह मीडिया प्रभारी सोनू बैरागी , आईटी संयोजक चांदमल माली , आईटी सह-संयोजक विजय चौधरी सहित कार्यसमिति सदस्यो को नियुक्त किया।महिदपुर नगर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा स्वागत करते हुए शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, जिला अध्यक्ष ग्रामीण राजेश धाकड़ एवं नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमति उमा पाण्डेय के प्रति आभार प्रकट करते हुए सभी नवनियुक्तो को बधाई दी।

### जगोटी सहित क्षेत्र के ग्रामों में हनुमान जन्मोत्सव पर हुए धार्मिक आयोजन

**जगोटी ।** हनुमान जन्मोत्सव जगोटी सहित क्षेत्र के गांवों में श्रध्दा व आस्था के साथ मनाया गया । गुरुवार अल सुबह श्री चैतन्य हनुमान मंदिर, चारधाम मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आरती कर हनुमान चालीसा पाठ किया गया। प्रतिमा का श्रृंगार पंडित राजेश शर्मा ने किया। श्मशान के समीप श्री आनंद मूर्ति हनुमान मंदिर व खेडाखजूरिया मार्ग पर स्थित बाल हनुमान मंदिर पर धार्मिक आयोजन हुए। समीपस्थ ग्राम खुरचनिया प्रताप के श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रति वषार्नुसार धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भंडारे के आयोजन में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। श्री चैतन्य हनुमान भक्त मंडल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर गांव में शोभायात्रा निकाली व प्रसाद वितरण किया।

# आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ने से जनता का बजट बिगड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर**

केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण देश में आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ गया है। बिजली, पेट्रोल-डीजल, राशन और दैनिक आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ रही हैं और जनता के बजट पर भारी असर डाल रही हैं। आम आदमी की जेब पर महंगाई ने दबाव डाला है।

भाजपा सरकार की आर्थिक योजनाएं गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी नहीं हैं। शहर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शुक्रवार को जनता से जुड़े मुद्दो पर भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार के विरुद्ध राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार गौपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने यह आरोप लगाए। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि महंगाई की यह समस्या केवल सारंगपुर या मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में फैली हुई है और सरकार की उदासीन नीतियों के कारण इसका कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपनी आवाज उठाएं और सरकार से मांग करें कि महंगाई कम करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।



शुक्रवार दोपहर कांग्रेस कमेटी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और बढती महंगाई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर अनुविभाग मुख्यालय पर यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि इनकी अपरिपक्व नीतियों के कारण आम जनता का जीवन मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से बिजली दरों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि और गैस सिलेंडरों की किल्लत ने रसोई का बजट बिगाड दिया है। क्षेत्र में गैस की अनुपलब्धता के कारण चाय-नाश्ते की छोटी दुकानें बंद होने की कगार पर हैं, जिससे शादी वाले परिवारों और भंडारा समितियों के सामने भी संकट खडा हो गया है। किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राधेश्याम भैसानिया ने कहा कि किसानों को पारंपरिक रूप से केन और ड्रम में मिलने वाला डीजल अब उपलब्ध नहीं है, जिससे खेती-किसानी के कार्यों में बाधा आ रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल की किल्लत और महंगाई ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया है, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। इस दौरान गेहूं खरीदी, गैस की किल्लत, अघोषित कटोती, मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में अनियमितता आदि मुद्दे उठाए गए।

### क्या बोले कांग्रेसजन

किसानों के गेहूं की खरीदी नहीं हो रही है। जनपद पंचायत में मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में आवेदन नहीं लेकर हितग्राहियों को परेशान किया जा रहा है। गैस की किल्लत एवं अघोषित विद्युत कटोती से आमजन परेशान है और स्मार्ट मीटर से 4 गुना बिजली के बिल दिए जा रहे है। इससे जनता का बजट बिगड़ रहा है। सरकार को मंहगाई कम करने, किसानों की उपज का दाम बढ़ाने और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर ध्यान देना होगा।

**– घनश्याम मालवीय, जनपद सदस्य, सारंगपुर।**

विधानसभा क्षेत्र सारंगपुर में वर्तमान में किसान गेहूं की फसल निकालकर सरकार की खरीदी का इंतजार कर रहा है। किसान अपनी फसल ओने-पोने दाम मे बेचने को मजबुर है। लेकिन भाजपा सरकार ओर प्रदेश के मुखिया सिर्फ मंच से बडी-बडी डीगें हांनने ओर कर्ज लेकर घी पीने में मस्त है उनको किसानो ओर आमजनों की वास्तविक समस्या से कोई लेना-देना नहीं है इसलिए खरीदी की तिथि बढ़ाई जा रही है। भाजपा ने सत्ता में आने से पहले किसनो के पक्ष में बहुत सारे बादे किय थे। जो आज तक पूरे नहीं किये है, जिससें किसानो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

# सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर**

शासकीय प्राथमिक विद्यालय काचरिया में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक मोहम्मद रफीक नागोरी अर्द्धवार्षिक पूर्ण होने पर विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य नवीन कुमार गर्ग, मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य किशोर कुमार परमार विशेष अतिथि श्यामसिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ मुख्य वक्ताओं के रूप में किशोर कुमार परमार, नवीन कुमार गर्ग, श्याम सिंह चौहान, नारायण सिंह चौहान जुझारसिंह पंवार, सत्य नारायण शर्मा ने संबोधित किया।



शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होता है उसका दायित्व और अधिक हो जाता है। विद्यालय परिवार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रस्तुत किया गया जिसका वाचन घनश्याम रूईवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी सदस्य विष्णुकांत शर्मा, तहसील सचिव मेहरबानसिंह चौहान, भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष श्रीराम गोपाल जोशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिंह चौहान, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि गोविंदसिंह चौहान, सेवानिवृत शिक्षक जसवंत सिंह तंवर, दयाराम बागनिया, झारड़ा से जनशिक्षक ईश्वर सिंह राजपूत, भूपेंद्र कुमार त्रिवेदी, श्याम जोशी, दिनेश पोरवाल, संतोष सोनी, विजय पालीवाल, कीर्ति कुमार पालीवाल, भागीरथ राठौर, रणायारापीर से सुभाषचंद्र कारपेंटर, बद्रीलाल कालेरिया, दिनेश कुमावत, गोकुल चौहान, महिदपुर से संजय त्रिवेदी, चतुर्भुज सेन, हीरालाल परमार, इरफान नागोरी, अब्दुल हमीद नागोरी, लालजी राम जाट, असलम नागोरी, राजू नागौरी, महेश कारपेंटर,आदि उपस्थित थे।

# 4 से 11 अप्रैल तक श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर**

समीपस्थ ग्राम सरदार धाम नारायणपुर कोलू खेडा सरदार वल्लभभाई पटेल मानव सेवा ट्रस्ट निर्माणाधीन परमार्थ चैरिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान परिसर में आज से ११ अप्रैल सप्त दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा व मां उमिया मां अंबे तथा मां खोडियार नवीन मंदिर के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए नवीन मंदिर का रंग रोगन सहित यज्ञशाला का निर्माण की तैयारी पुरजोर लोगों के द्वारा की जा रही है।

सरदार वल्लभभाई पटेल मानव सेवा ट्रस्ट निर्माणाधीन परमार्थ चैरिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान के समस्त ट्रस्टी सदस्य दानदाता एवं सहयोगी श्रद्धालुओं एवं समस्त क्षेत्रवासी के तत्वाधान आयोजित इस कार्यक्रम में आज शनिवार को हेमाद्री स्नान प्रायश्चित होम पंचांग पूजा कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय श्रीमद्भगवत कथा का शुभारंभ होगा। 5 अप्रैल रविवार अग्नि स्थापना यज्ञ आरंभ, सम्मान समारोह श्रीमद् भागवत कथा, 6 अप्रैल से 9 अप्रैल यज्ञ हवन पूजन सम्मान समारोह एवं श्रीमद् भागवत कथा 10 अप्रैल शुक्रवार माताजी की प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ हवन सम्मान समारोह एवं श्रीमद भागवत कथा 11 अप्रैल शनिवार यज्ञपूणार्हुति सम्मान समारोह एवं महाप्रसादी होगी। इसके साथ ही यज्ञ का समय सुबह 7 से 11 बजे एवं शाम 4.30 बजे से 6.45 तक रहेगा तथा श्रीमद्भागवत कथा सुबह 11.30 से दोपहर 2.30 बजे तक चलेगी। इसके लिए आयोजित कार्यक्रम पत्रिका का वितरण किया गया है। आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सहित गुजरात राजस्थान हरिद्वार सहित अन्य प्रान्तों के दानदाता विभिन्ना सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख राजनैतिक उद्योगपति किसान भाई सहित अन्य ट्रस्टों के अध्यक्षों सहित बडी संख्या में इस होने वाले कार्यक्रम में लोग सम्मिलित होंगे नारायणपुर गांव के दानदाता के द्वारा लाखों रुपए के मंदिर निर्माण के साथ करोडों रुपए की लागत से निर्माणाधीन परमार्थ चैरिटी नेत्र चिकित्सा अस्पताल का निर्माण कार्य चल रहा है।

# प्रशासन ने 5 करोड़ की सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर**

स्थानीय प्रशासन ने भू-माफियाओं और अवैध कब्जा धारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए ग्राम पंचायत कढ़ाई में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। तहसीलदार संतुष्टि पाल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने गौशाला के लिए आरक्षित ५.३ हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमण कारियों के चंगुल से मुक्त कराया।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस बेशकीमती जमीन पर पिछले 20 से 25 वर्षों से कंचन बाई पति बापू ओर राजू बाई इन दो महिलाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। बार-बार चेतावनी के बावजूद भूमि को खाली नहीं किया जा रहा था। गुरुवार को तहसीलदार संतुष्टि पाल स्वयं राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचीं और कड़े विरोध के बीच अतिक्रमण हटवाया। तहसीलदार संतुष्टि पाल ने बताया कि मुक्त कराई गई इस भूमि का कुल क्षेत्रफल 5.3 हेक्टेयर है, जिसकी वर्तमान बाजार दर के अनुसार अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ रुपए है। तहसीलदार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराना हमारी प्राथमिकता है। इस भूमि को मुक्त कराकर अब आधिकारिक रूप से पंचायत विभाग को सौंप दिया गया है, ताकि इसका उपयोग गौशाला और जनहित में किया जा सके।

### परीक्षा और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है -मिश्रा

**सारंगपुर।** परीक्षा और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है और हमारे विद्यार्थी इसका श्रेष्ठ उदाहरण है। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर पुरस्कार पाने से बच्चों का उत्साह बढ़ेगा। वहीं हर बच्चा में स्कूल आने की उत्सुकता बढ़ेगी और बच्चे प्रतिदिन स्कूल आएंगे।

# व्यापारी माहेश्वरी द्वारा सुंदरकांड का आयोजन कर चांदी की गदा भेंट की

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर**

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर रणवीर संकट हरण हनुमान मंदिर पाडल्यामाता में किराना व्यापारी सुनिल पिता बाबूलाल माहेश्वरी द्वारा सुंदरकांड का आयोजन कर चांदी की गदा भेंट की गई। संध्या आरती के पश्चात मंदिर परिसर में स्थानीय सुंदरकांड समिति पाडल्यामाता द्वारा सुंदरकांड किया गया।

मंडली द्वारा सुमधुर भजनों की एक से बढकर एक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान जूना अखाडा से मंदिर महंत स्वामी यतिजी महाराज द्वारा दान का महत्व बताया और साधु की परिभाषा बताते हुए कहां गया कि हमारे सित महान पुरषों ने साधु की व्याख्या हर तरह से अलग-अलग बताया परंतु साधु उसे कहते हैं जो परमात्मा की खोज करें जैसे गिद्ध जटायु जब गिद्ध जटायु रावण की तलवार से मरणासन अवस्था में पहुंच गया, उस समय उसका शरीर काम नहीं दे रहा था, तो वह आत्मा से कहता है ऐ आत्मा तेरा मेरा संबंध है यदि दुख हुआ है तो इस शरीर को हुआ है यदि रावण ने पंख काटे तो इस शरीर को दर्द हो रहा है शरीर को तेरे को क्या है। जिसका शस्त्रों से भेदन नहीं किया जा सके शास्त्रों से वर्णन नहीं किया जा सके वह तो आत्मा है परंतु तुझे उस परमात्मा की सौगंध है। ऐ आत्मा जब तक वह परमात्मा स्वरुप राम ना आ जावे और में इन नेत्रों से उनका दर्शन न कर लू तब तक तू इस शरीर को मत त्यागना तुझे उस परमात्मा की सौगंध है। इस दौरान पंडित विनोद उपाध्याय द्वारा मंत्रोचारण के साथ पूजन-अर्चना करवाई गई। मंदिर पुजारी शुभानन्द यति महाराज द्वारा आरती की गई।

# आदर्श गुजराती बलाई समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर**

सामाजिक एकता और सादगी का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए आदर्श गुजराती बलाई समाज द्वारा आयोजित प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन ऐतिहासिक भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामय आयोजन में समाज के 20 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर दांपत्य जीवन की शुरुआत की। समाज के अध्यक्ष बालाराम भाटिया ने आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती फिजूलखर्ची को रोकना और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करना था। उन्होंने कहा कि हमने विशेष रूप से इस बात का ध्यान रखा कि विवाह की रस्में पूरी गरिमा और परंपरा के साथ हों, लेकिन अनावश्यक आडंबर और खर्च से बचा जाए। समाज को एक नई दिशा देने की यह हमारी पहली और सफल कोशिश है। इस मांगलिक अवसर पर वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस, तराना विधायक महेश परमार,पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान,हर्षिता परमार, जितेंद्र मंडोर, विशेष रूप से उपस्थित हुए। उनके साथ कई प्रशासनिक अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी पहुंचे।

### पौधे लगाना प्रकृति के लिए अनुकूल उपहार

**सारंगपुर।** जन्मदिन पर पौधा लगाना, चाहे वह औषधिय पौधे हो या फल, फूलदार पर्यावरण, प्रकृति के लिए अनुकूल उपहार माना गया है जो आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करता है। यह बात लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने महादेव मित्र मंडल पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी महेश पाटीदार के 52 वसंत पूर्ण कर जीवन के 53 वे बसंत जन्मदिन अवसर पर श्री खेडापति सरकार के पावन प्रांगण में ट्री गार्ड लगाकर नीम एवं कनेर के पौधों का रोपण करते वक्त कही।

## विद्यार्थी मन लगाकर पढ़े और अनुशासन मे रहें, तभी भविष्य बनेगा

**मंडलेश्वर ।** महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे प्रवेश उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कार्य समिति सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि मनोज शर्मा थे। विशेष अतिथियों मे राज्य शासन द्वारा नगर परिषद मंडलेश्वर मे मनोनीत एल्डरमैन अनिरुद्ध हल्वे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हरी गाड़गे एवं पार्षद नितिन पाटीदार शामिल थे। प्राचार्य जे के सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया अतिथियों ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तके वितरित की इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियो का आव्हान किया की वे विद्यालय मे मन लगाकर पढ़े अनुशासन मे रहकर अपने शिक्षकों का सम्मान करें तभी उनका भविष्य बनेगा। आभार व्याख्याता ए के तिवारी ने किया संचालन अजित सिंह चौहान ने किया।

## वृंदावन गांव के रूप में विकसित होगा बनेडिया, सीईओ ने किया निरीक्षण

**देपालपुर।** ग्राम पंचायत बनेडिया को वृंदावन गांव के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में जनपद पंचायत देपालपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) पूजा मालाकार सैनी ने गुरुवार को ग्राम का निरीक्षण कर प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने वृंदावन गांव की अवधारणा के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े तालाब की पाल पर घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए, ताकि क्षेत्र को धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से विकसित किया जा सके। इसके अतिरिक्त जैन मंदिर के सामने निर्मित पानी की टंकी का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवाल निर्माण के निर्देश दिए। सीईओ मालाकार ने कहा कि वृंदावन गांव योजना के तहत शासन से जारी होने वाली गाइडलाइन के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य किए जाएंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत बनेडिया के सचिव योगेश शर्मा सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन सम्पन्न हुआ

**सनावद।** भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया।प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। स्वागत भाषण भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर ने दिया। शिविर के प्रथम सत्र की अध्यक्षता लोकेंद्र जैन,द्वितीय सत्र की अध्यक्षता पूर्व नपाध्यक्ष मीना शर्मा,तृतीय सत्र की अध्यक्षता विष्णु ठेकेदार एवं चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता पूर्व नपाध्यक्ष रामचरण कुशवाह ने की।शिविर के प्रथम वक्ता जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल ने भाजपा के इतिहास और उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को नया सीखने और उनके कौशल को निखारने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक -जामवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत गुरुवार को खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर मंडल, बुरहानपुर जिले के शाहपुर एवं फोपनर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि हर समाज वर्ग का कल्याण व उत्थान करना है। पार्टी कार्यकर्ता सनातन और राष्ट्रवाद के ध्वज वाहक हैं। जामवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को नया सीखने और उनके कौशल को निखारने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक होता है। भाजपा संगठन हर समाज वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है, यही कारण है कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। हमें पार्टी के सिद्धांतों के अनुसार काम करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना है। जामवाल ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेश में खुशहाली और कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण व संगठनात्मक शक्ति से भाजपा को चुनावों में लगातार विजय मिल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को राजनीति के असली उद्देश्य को समझना है। भाजपा के लिए राजनीति सिर्फ सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सेवा का एक महत्वपूर्ण साधन है।

जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वर्ष 2047 तक परम वैभव तक पहुंचाने के लिए पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आप सभी पार्टी कार्यकर्ता सनातन और राष्ट्रवाद के ध्वज वाहक हैं। आने वाले दिनों में बूथों पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे, जिनमें आप में से कई कार्यकर्ता प्रशिक्षण व वक्ता बनकर जाएंगे।

## कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 12 गुर्गे पुलिस के हत्थे चढ़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन



कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे उज्जैन पुलिस को आत्मसमर्पण करने के बाद जिले के भीलगांव में कारोबारी के घर की गई फायरिंग मामले का भी पर्दाफाश हो गया है। जिले में दहशत फैलाकर अपना वर्चस्व जमाने का प्रयास कर रहे कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 12 गुर्गे पुलिस के हत्थे चढ़े है।

इन आरोपियों ने पिछले माह भीलगांव के एक प्रतिष्ठित कारोबारी दिलीप राठौर के घर फायरिंग कर दहशत फैलाई थी। इस हमले के बाद सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए 10 करोड़ रुपए की फिरौती की मांग भी की थी। इस गैंग के जिले में पैर पसारने से पहले गिरफ्तारी से पुलिस के साथ ही बड़े कारोबारी भी राहत महसूस कर रहे है। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि प्रकरण में शूटर, रेकी करने वाले, गोली चलवाने वाले, संसाधन उपलब्ध/ सहायता करने वाले, बिश्नोई गैंग के गुर्गे व उससे पहचान करवाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। यह खुलासा लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे राजपाल के उज्जैन में आत्मसमर्पण करने के बाद हुआ है।

## आंधी-तूफान से प्रभावित किसानों के बीच पहुंची अर्चना चिटनिस, नुकसान का निरीक्षण किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने शुक्रवार को बुरहानपुर में हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान और असमय वर्षा से प्रभावित किसानों की पीड़ा साझा करने हेतु प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा किया। उन्होंने ग्राम मोहद, खामनी, मालवीर सहित आसपास के कई गांवों में पहुंचकर खेतों में जाकर फसलों को हुए भारी नुकसान का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया तथा किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

**राहत दिलाने के लिए प्रशासन को दिए निर्देश**

श्रीमती चिटनिस ने देखा कि तेज हवाओं और तूफान के कारण खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह जमीन पर गिर गई हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर किसानों के मकानों की छतें, टपरें एवं अन्य संरचनाएं भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से चर्चा कर नुकसान के पारदर्शी आंकलन के निर्देश दिए।

श्रीमती चिटनिस ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी हैं और नुकसान की भरपाई के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत दिलाने के लिए शासन स्तर पर प्रभावी पहल की जाएगी, ताकि उन्हें शीघ्र मुआवजा मिल सके और वे दोबारा खेती के लिए तैयार हो सकें।

**प्रशासन को निर्देश**

श्रीमती चिटनिस ने बुरहानपुर कलेक्टर से चर्चा कर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सर्वे दल गठित करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल पटवारी स्तर पर सर्वे करने से प्रक्रिया में विलंब होगा, इसलिए बहु-स्तरीय दल बनाकर व्यापक सर्वे कराया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

## फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय चरण के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी।



जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना) के अंतर्गत शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी में आयोजित फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय चरण के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज तृतीय एवं अंतिम दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। दोनों चरणों के प्रशिक्षण में कुल 57 फील्ड ट्रेनरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने हेतु आसपास के ग्रामों में फील्ड विजिट कराई गई, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की भूमिका का प्रत्यक्ष अभ्यास किया गया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर जनगणना कार्य की प्रक्रिया को समझा, प्रश्न पूछने की विधि का अभ्यास किया तथा वास्तविक परिस्थितियों में डेटा संग्रहण एवं सत्यापन की प्रक्रिया को अनुभव किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डॉ. अनिल पाटीदार एवं डॉ. राजाराम मुवेल, सहायक प्राध्यापक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने संबोधन में जनगणना कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए सभी प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनरों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने चार्ज स्तर पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करें तथा जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से पूर्ण करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## ग्राम बनेडिया में 65 लाख से बना मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक



**देपालपुर।** तहसील के सबसे बड़े गांव बनेडिया के मुख्य चौराहे पर करीब 65 लाख रुपए की लागत से निर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) भवन तैयार हो चुका है, लेकिन अब तक इसका संचालन शुरू नहीं हो सका है। भवन पूर्ण होने के बावजूद सेवाएं प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों में निराशा है। क्षेत्र के रहवासी क्लीनिक के शीघ्र शुभारंभ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते वर्ष स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था, जो निर्धारित समय में पूर्ण कर लिया गया। हालांकि प्रशासनिक प्रक्रिया एवं शेष औपचारिकताओं के कारण क्लीनिक अब तक शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्लीनिक चालू होने के बाद उन्हें उपचार के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

गांव के मुख्य चौराहे पर स्थित इस क्लीनिक से वार्ड सहित आसपास की करीब पांच हजार से अधिक आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में ग्रामीणों को उपचार के लिए चार किलोमीटर दूर शासकीय सिविल अस्पताल या अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर प्रभात फेरी व भंडारों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर नर्मदा तट स्थित श्री खेड़ापति हनुमान जी मंदिर सहित नगर के सभी हनुमान मंदिरों में श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकाल श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से सुबह 7 बजे भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, प्रभात फेरी का यह चतुर्थ वर्ष है प्रभात फेरी में नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

प्रभात फेरी में श्री हनुमान जी के विग्रह को सुसज्जित पालकी में विराजित कर नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण कराया गया। ढोल-ताशों की मंगल धुन और सामूहिक भजनों के साथ निकली प्रभात फेरी में श्रद्धालु खूब नाचे आनंद लिया पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।

नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने घंटाघर चौक के पास प्रभात फेरी का स्वागत किया, वहीं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा,समाजसेवी नितिन पाटीदार ने भी श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची, जहां समापन के पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रभात फेरी में पंडित पंकज मेहता (गुरुजी), नीरज कानूनगो, दीपक पाटीदार,आकाश सोनी, गणेश मामा पाटीदार, रवि शुक्ला, प्रदीप पाटीदार,रौनक सोनी, रत्नदीप मोयदे,अमित कानूनगो, राजेश अग्रवाल, रोहित केवट ,पीयूष अग्रवाल, राहुल केडिया, पवन अग्रवाल सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे। श्री बजरंगबली जी का श्रृंगार, मंदिरों में साज सज्जा की और भंडारे हुए ।

## प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर हेतु बैठक संपन्न

**रतलाम।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संचालन समिति की बैठक नगर पालिक निगम रतलाम कार्यकारी अधिकारी निगम आयुक्त अनिल भाना व सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में अवगत कराया गया कि पीएम स्व निधी योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3760 लक्ष्य के विरूद्ध 3797 का लक्ष्य 100.98 प्रतिशत प्राप्त किया गया जिस पर समिति द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। इसके अलावा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये 7522 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, पीएम पुर्नगठित पीएम स्वनिधी योजना में 15-25-50 हजार के ऋण आवेदन होंगे तथा हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड का लाभ प्रदान करना, डिजिटल पेमेंट के लिये हितग्राहियों को जागरूक करने के संबंध में चर्चा की गई।



## हनी सिंह-बादशाह को अश्लील गाने पर हाई कोर्ट की फटकार

### सभी जगह से हटाने के आदेश कहा- अश्लीलता और महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं

दिल्ली हाई कोर्ट ने सिंगर हनी सिंह और बादशाह के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने उनके करीब दो दशक पुराने विवादित गाने 'माफिया मुंडीर' वॉल्यूम 1 को इंटरनेट के सभी प्लेटफॉर्म से तुरंत हटाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने इस गाने के बोल को 'बेहद अश्लील' और महिलाओं के प्रति अपमानजनक बताया है।

जस्टिस पुरुशेंद्र कौरव की अदालत ने हनी सिंह और बादशाह को नोटिस जारी कर कड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि गाने का टाइटल और बोल इतने आपत्तिजनक हैं कि उन्हें आधिकारिक आदेश में लिखना भी संभव नहीं है। अदालत ने निर्देश दिया कि गूगल, यूट्यूब और स्पॉटिफाई जैसे सभी म्यूजिक और वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म से इस गाने के ओरिजिनल वर्जन, रीमिक्स और यूआरएल को तुरंत ब्लॉक किया जाए।

**कोर्ट ने कहा- 'अंतरात्मा को झकझोर दिया'-** जस्टिस कौरव ने अपने चैंबर में गाने को सुनने और उसके बोल पढ़ने के बाद तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा, यह उन चुनिंदा मामलों में से एक है जिसने कोर्ट की अंतरात्मा को अंदर तक हिला दिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि गाने के बोल महिलाओं का अपमान करते हैं और उन्हें मजाक का पात्र बनाते हैं। इसमें कोई भी कलात्मक या सामाजिक मूल्य नहीं है। कोर्ट ने साफ किया कि कलात्मक अभिव्यक्ति की आड़ में ऐसी अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई हिंदू शक्ति दल की याचिका पर हुई है। याचिका में दलील दी गई थी कि यह गाना डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आसानी से उपलब्ध है और युवाओं पर गलत असर डाल रहा है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि हाल ही में एक कॉन्सर्ट के दौरान हनी सिंह ने इस गाने की कुछ लाइनें गाई थीं, जिससे साबित होता है कि यह गाना उन्हीं का है। इसके बाद कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी विवादित लिंक ब्लॉक करने के निर्देश दिए हैं।

### चौधरी असलम की पत्नी ने संजय दत्त की तारीफ की

## कहा- उनकी एक्टिंग देख कर एक पल को लगा पति ही सामने खड़े हों



फिल्म 'धुरंधर' में संजय दत्त ने पाकिस्तानी पुलिस अफसर चौधरी असलम का किरदार निभाया है। उनके इस रोल की अब खुद दिवंगत चौधरी असलम की पत्नी नौरीन असलम ने भी इसकी तारीफ की है। नौरीन ने कहा कि संजय दत्त को फिल्म में देखकर एक पल के लिए उन्हें ऐसा लगा जैसे उनके पति ही पर्दे पर सामने खड़े हों। हालांकि, उन्होंने फिल्म के मेकर्स से थोड़ी नाराजगी भी जताई है।

**संजय की आंखों में दिखा पति का अक्स-** आजतक रेडियो के एक पॉडकास्ट में नौरीन असलम ने फिल्म में संजय दत्त की परफॉर्मेंस पर बात की। उन्होंने कहा, संजय दत्त इस रोल के लिए बिल्कुल सही पसंद थे। फिल्म के एक सीन में जब वह गाड़ी के पास खड़े होकर अपनी नजरें उठाते हैं, तो मुझे लगा जैसे खुद असलम खड़े हैं। नौरीन ने यह भी बताया कि उनके पति अक्सर मजाक में कहा करते थे कि उनकी मौत के बाद उनके जीवन पर फिल्म बनेगी।



**मेकर्स से जताई थोड़ी शिकायत-** तारीफ के साथ-साथ नौरीन ने फिल्म की गहराई पर सवाल भी उठाए। उनका कहना है कि फिल्म में उनके पति के किरदार के साथ पूरी तरह न्याय नहीं किया गया। नौरीन ने कहा, अगर वे फिल्म बना रहे थे, तो कम से कम मुझसे, पुलिस विभाग या उन पत्रकारों से बात करनी चाहिए थी जिन्होंने असलम को करीब से देखा है। इससे उनके किरदार के सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों पहलुओं को बेहतर तरीके से दिखाया जा सकता था।
**नौरीन ने पूरी फिल्म नहीं देखी-** नौरीन ने बताया कि उन्होंने पूरी फिल्म नहीं देखी है, लेकिन कुछ क्लिप्स देखी हैं। फिल्म में पुलिस अफसर के किरदार द्वारा इस्तेमाल की गई गालियों पर उन्होंने कहा कि यह फैमिली ऑडियंस के लिए भले ही ठीक न हो, लेकिन पुलिस महकमे में ऐसी भाषा आम बात है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म के किरदार और माहौल पर फिट बैठता है।



## अहान पांडे को मिली दूसरी फिल्म

### डायरेक्टर ने शूटिंग से एक्टर का लुक शेयर किया, शरवरी के साथ करेंगे रोमांस

फिल्ममेकर अली अब्बास जफर ने अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म अभी अनटाइटल्ड है और यह यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनेगी। जिसमें सैयारा से डेब्यू करने वाले अहान पांडे लीड रोल में होंगे। इसके अलावा फिल्म में शरवरी वाघ, ऐश्वर्य ठाकरे और बॉबी देओल भी होंगे।

फिल्म को लेकर जानकारी देते हुए अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ह्लऔर यह शुरू होता है। साथ ही उन्होंने एक तस्वीर शेयर की, जिसमें अहान पांडे की इंटेंस आंखें और एक क्लैपबोर्ड दिखाई दे रहा है। यह उनके किरदार की शुरूआती झलक मानी जा रही है, जिसमें एक्शन और रोमांस के एलिमेंट्स मिले हुए हैं।

बता दें कि यह फिल्म आदित्य चोपड़ा और अली अब्बास जफर की पांचवीं फिल्म होगी। इससे पहले दोनों मेरे ब्रदर की दुल्हन, गुंडे, सुल्तान और टाइगर जिंदा है, में साथ काम कर चुके हैं।

**फिल्म में रोमांस के साथ एक्शन भी होगा-** फिल्म को लेकर आईएएनएस के साथ बातचीत में एक सूत्र ने बताया कि सैयारा की बॉक्स ऑफिस सफलता के बाद अहान पांडे को जेन के प्रमुख मेल एक्टर्स में माना जा रहा है। वहीं शरवरी मुंज्या जैसी 100 करोड़ रुपए की फिल्म का हिस्सा रह चुकी हैं।

सूत्र के अनुसार, दोनों कलाकारों ने अपनी एक्टिंग के दम पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने की क्षमता दिखाई है। इसी वजह से बड़े फिल्ममेकर इन पर भरोसा जता रहे हैं।

सूत्र ने यह भी कहा कि अली अब्बास जफर इस जोड़ी के साथ एक ऐसी फिल्म बना रहे हैं जिसमें रोमांस मुख्य होगा और साथ में एक्शन भी शामिल रहेगा। लंबे समय बाद नए कलाकारों के साथ ऐसी फिल्म बनाई जा रही है, जिनकी बॉक्स ऑफिस पर पहचान बन चुकी है।

## राइटर संतोष कुमार ने किया धुरंधर 2 लिखने का दावा

### स्क्रिप्ट चोरी के आरोप लगाए, कहा- 2023 में लिखी थी, कई प्रोडक्शन हाउस को भेजी

साउथ फिल्मों के राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर संतोष कुमार ने हाल ही में धुरंधर 2 की स्क्रिप्ट लिखने का दावा किया है। उनका कहना है कि ये स्क्रिप्ट उन्होंने 2023 में लिखी थी, जिसे अब धुरंधर 2 के नाम से बनाया गया है। उन्होंने ये भी दावा किया है कि उनके पास इससे जुड़े कई सबूत हैं, हालांकि अब तक उन्होंने न ही सबूत पेश किए हैं और न ही मेकर्स के खिलाफ किसी तरह की शिकायत दर्ज करवाई है।





राइटर संतोष कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर धुरंधर 2 की स्क्रिप्ट चुराने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, ह्यआप सबने देखा होगा कि फिल्म बहुत अच्छी चल रही है। ये मूवी देखने के बाद मुझे पता चला कि ये मेरी स्क्रिप्ट है। मेरी कहानी है। मैंने इसे बहुत मेहनत से किया था। 2023 में मैंने यहां आकर बहुत सारी कंपनियों को स्टोरी नरेट की थी। मुझे कहा गया था कि अगर आपको बड़ा एक्टर चाहिए, तो बड़ी कॉर्पोरेट कंपनी लेकर आओ। मैं सोनी के पास गया, जी के पास गया, टी-सीरीज के पास गया, धर्मा प्रोडक्शन के पास गया।

आगे उन्होंने कहा, ह्यमुझे इस फिल्म की स्क्रिप्ट के लिए आदित्य रॉय कपूर चाहिए था। मैंने बहुत कोशिश की। मैंने बहुत डायरेक्टर्स को स्क्रिप्ट भेजी। मैं स्क्रीनराइटर एसोसिएशन का हिस्सा था, मैंने वहां भी स्क्रिप्ट रजिस्टर करवाई है, नवंबर 2023 में। मेरे पास सारे सबूत हैं। मेरे पास तस्वीरें हैं, स्क्रिप्ट हैं, स्केच हैं। मैं इस फिल्म के खिलाफ केस कर रहा हूं। फिल्म अच्छी है, लेकिन उन लोगों ने मेरे काम का दुरुपयोग किया है। फिल्म सिनेमा एंटरटेनमेंट थी, लेकिन उन्होंने इसे पॉलिटिकल प्रोपेगेंडा बना दिया।

मीडिया से बातचीत में संतोष कुमार ने ये भी कहा है कि उनकी तरह साउथ से कई राइटर आते हैं, लेकिन उन्हें यहां काम नहीं मिलता और फिर उन्हीं की क्रिएटिविटी का मिसयूज किया जाता है।

### 9वीं बार 200+ चेज किए, चेन्नई ने आईपीएल में 36वीं बार 200 रन बनाए

# पंजाब ने टी-20 में भारत का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई



आईपीएल के 7वें मैच में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हरा दिया। चेपॉक में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 5 विकेट पर 208 रन बनाए। टीम के लिए आयुष म्हात्रे ने 73 रन की पारी खेली, हालांकि उन्हें दो बार जीवनदान भी मिला।

जवाब में पंजाब ने 18.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पंजाब ने टी-20 क्रिकेट में भारत का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ते हुए 9वीं बार 200+ रनचेज किया। वहीं चेन्नई ने इस मैच में 36वीं बार 200+ स्कोर बनाया।

**पंजाब ने 9वीं बार 200+ रनचेज किया-** पंजाब किंग्स ने टी-20 क्रिकेट में भारत का रिकॉर्ड तोड़ दिया। टीम ने 200+ रनचेज के मामले में 9वीं जीत दर्ज की। इससे पहले भारत की टीम ने 8 बार 200+ रनचेज किया था। ऑस्ट्रेलिया ने 7 और मुंबई इंडियंस ने 6 बार यह कारनामा किया है।

**पंजाब किंग्स का दूसरा सबसे बड़ा रनचेज-** पंजाब किंग्स ने अपना दूसरा सबसे बड़ा रनचेज किया। टीम ने 210 रन का टारगेट 18.4 ओवर में हासिल किया। टीम का सबसे बड़ा रनचेज 262 रन का है। इसे पंजाब ने 2024 में ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हासिल किया था।

**चेन्नई ने क्ढछ में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर बनाए-** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। टीम ने अब तक 36 बार 200 का आंकड़ा पार किया है। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 35 बार इस स्कोर तक पहुंची है।

**चौका लगाने के बाद संजू आउट-** दूसरे ओवर में चेन्नई का पहला विकेट गिरा। ओवर की छठी गेंद जेवियर बार्टलेट ने ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। संजू सैमसन ड्राइव खेलने के लिए पीछे हटे, लेकिन गेंद की मूवमेंट को कवर नहीं कर सके और बल्ले का हल्का किनारा लग गया। गेंद सीधे विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह के पास गई, जिन्होंने आसान कैच लपक लिया। संजू 7 रन बनाकर आउट हुए।

**आयुष की सिक्स से फिफ्टी-** नौवें ओवर में चेन्नई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने सिक्स लगाकर अर्धशतक पूरा किया। ओवर की पहली गेंद मार्कस स्टोयनिस ने धीमी फेंकी। म्हात्रे ने आगे बढ़कर शॉट खेला और गेंद को लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से सिक्स के लिए भेज दिया।

**म्हात्रे का वैशाख और शशांक से कैच छूटा-** मिडिल ओवर्स में चेन्नई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को दो बड़े जीवनदान मिले। 10वें ओवर की दूसरी गेंद पर युजवेंद्र चहल ने लेग ब्रेक डाली, जिस पर म्हात्रे स्लॉग स्वीप खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर हवा में चली गई। वैशाख आगे दौड़ते हुए पहुंचे, डाइव भी लगाई, लेकिन गेंद हाथ में आने के बाद छिटक गई और कैच छूट गया।

इसके बाद 12वें ओवर की चौथी गेंद पर चहल ने फिर मौका बनाया। उन्होंने गेंद को फ्लाइट देकर बल्लेबाज को बड़ा शॉट खेलने के लिए ललचाया। म्हात्रे आगे बढ़कर शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद टर्न होकर बल्ले का किनारा लेती हुई एक्स्ट्रा कवर की ओर गई। शशांक दौड़ते हुए आए, स्लाइड करते हुए दोनों हाथों से कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद हाथ से निकल गई। इस तरह म्हात्रे को लगातार दूसरा जीवनदान मिला।

**पंजाब के रिव्यू से कार्तिक आउट-** 14वें ओवर में चेन्नई ने चौथा विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बॉल मार्को यानसन ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। गेंद कार्तिक शर्मा के पैड्स पर लगी। पंजाब ने एलबीडब्ल्यू की अपील की, लेकिन अंपायर ने आउट नहीं दिया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने रिव्यू लिया, रिप्ले में कार्तिक आउट नजर आए। वे 1 रन ही बना सके।

**सरफराज ने अर्शदीप पर हैट्रिक चौके लगाए-** 14वें ओवर में सरफराज खान ने अर्शदीप सिंह पर लगातार तीन चौके जड़ दिए। ओवर की दूसरी गेंद पर सरफराज ने आगे बढ़कर जगह बनाई और मिड-ऑफ के ऊपर से शानदार शॉट खेलते हुए चौका बटोर लिया।

अगली गेंद पर अर्शदीप ने शॉर्ट लेंथ डाली। सरफराज ने शॉट खेला और गेंद को विकेटकीपर के ऊपर से बाउंड्री तक पहुंचा दिया। फिर चौथी गेंद पर सरफराज ने शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद को लेट खेलते हुए थर्ड मैन की दिशा में गाइड किया और चौका पूरा किया।

**प्रशांत वीर ने डेब्यू पर चौके से खाता खोला-** चेन्नई सुपर किंग्स के अनकैप्ड ऑलराउंडर प्रशांत वीर ने इस मैच से आईपीएल डेब्यू किया। टीम ने उन्हें मेगा ऑक्शन में 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा था। 17वें ओवर की तीसरी गेंद पर मार्को यानसन ने ऑफ स्टंप के आसपास शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद डाली। प्रशांत ने शॉट खेला। गेंद तेजी से आई और ग्लव्स का हल्का किनारा लेकर फाइन लेग की दिशा में निकल गई। इसी चौके के साथ प्रशांत ने आईपीएल में अपना खाता खोला।

**प्रियांश ने बाउंड्री से पहले रन बनाए-** पंजाब की पारी की शुरूआत प्रियांश आर्या ने लगातार दो बाउंड्री से की। ओवर की पहली गेंद पर खलील अहमद ने इनस्विंगर डाली। प्रियांश ने सीधे बल्ले से नॉन-स्ट्राइकर के पास से चौके के लिए भेज दिया।

अगली ही गेंद पर खलील ने शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद डाली। प्रियांश ने जल्दी से लेंथ पहचानी, घूमकर पुल शॉट खेला और गेंद को मिड-विकेट के ऊपर से सिक्स के लिए भेज दिया।

प्रभसिमरन रनआउट हुए- नौवें ओवर में पंजाब को बड़ा झटका लगा, जब प्रभसिमरन सिंह रनआउट हो गए। ओवर की पांचवीं गेंद पर नूर अहमद की गेंद को उन्होंने मिड-विकेट की ओर सॉफ्ट हैंड्स से खेला और पहला रन आसानी से पूरा किया। इसके बाद प्रभसिमरन ने दूसरे रन के लिए कॉल किया, लेकिन उनके साथी बल्लेबाज तैयार नहीं थे। कन्फ्यूजन के बीच प्रभसिमरन वापस लौटने लगे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। सरफराज खान ने मिड-विकेट से तेज थ्रो फेंका और ऋतुराज गायकवाड़ ने स्टंप्स बिखेर दिए। प्रभसिमरन क्रीज से काफी दूर रह गए और 43 रन बनाकर रनआउट हो गए।

### आईपीएल-2026 का पहला डबल हेडर आज

## पहले मैच में दिल्ली का सामना मुंबई से, एमआई से जुड़े कीवी कप्तान मिचेल सैंटनर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

आईपीएल में 19वें सीजन का पहला डबल हेडर आज खेला जाएगा। पहला मैच दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में दोपहर 3.30 बजे से होगा, जिसका टॉस 3 बजे होना है। न्यूजीलैंड की टी-20 और वनडे टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं। निजी कारणों के चलते वे पहला मैच नहीं खेल सके थे। वे आज अल्लाह गजनफर की जगह ले सकते हैं। दिन का दूसरा मुकाबला गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से होगा।

- **दिल्ली के खिलाफ मुंबई आगे-** मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अब तक 37 मुकाबले खेले गए, जिनमें मुंबई का पलड़ा भारी रहा। मुंबई ने 21 मैच जीते, जबकि दिल्ली को 16 में जीत मिली। अरुण जेटली स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच 13 मैच खेले गए। दिल्ली कैपिटल्स ने 7 और मुंबई इंडियंस ने 6 जीते। अपने होमग्राउंड पर भी दिल्ली को मुंबई से कड़ी टक्कर मिलती है। दोनों के बीच पिछले सीजन 2 मैच हुए, दोनों मुंबई ने जीते थे।
- **दोनों टीमों ने अपना पहला मैच जीता-** दोनों ही टीमों ने सीजन का आगाज जीत के साथ किया। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने पहले मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स को 141 रन पर रोककर आसान जीत दर्ज की थी। वहीं, मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 221 रन का बड़ा टारगेट आसानी से हासिल कर लिया था।
- **पहले मैच में मुंबई के बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन-** कोलकाता के खिलाफ मुंबई से रायन रिकेल्टन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 43 गेंद पर 81 रन बनाए थे, जबकि रोहित शर्मा ने 38 गेंदों का सामना करते हुए 78 रन बनाए थे। दोनों के बीच 11.5 ओवर में 148 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई थी। हालांकि, बॉलर्स का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।












## रियल एस्टेट में

# विदेशी निवेश 75 फीसदी घटा; 6 अप्रैल से गाड़ियों के दाम बढ़ाएगी महिंद्रा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों और बढ़ती कीमतों के चलते चालू वित्त वर्ष में भारत में रिफाइंड सूरजमुखी तेल की बिक्री में 10 फीसदी घट सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा, दोहरी चुनौतियों के कारण मांग पर असर पड़ेगा। उपभोक्ता राइस ब्रान और सोयाबीन तेल जैसे सस्ते विकल्पों का रुख कर सकते हैं।

**हल्की बढ़त के साथ बंद हुए अमेरिकी शेयर बाजार-** अमेरिका के शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद आखिरकार हल्की बढ़त के साथ बंद हुए और पूरे हफ्ते में मुनाफे के साथ खत्म हुए। यह ईरान युद्ध शुरू होने के बाद पहला ऐसा हफ्ता रहा जब बाजार ने बढ़त दर्ज की। हालांकि दिन की शुरूआत में बाजार में गिरावट देखी गई थी, लेकिन बाद में स्थिति संभल गई। इस बीच कच्चे तेल की कीमतें लगातार ऊंची बनी हुई हैं। अमेरिकी कच्चा तेल 111 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। इसकी बड़ी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान है, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान पर हमले जारी रखेगा। इससे युद्ध जल्द खत्म होने की उम्मीद कम हो गई है और बाजार पर दबाव बना हुआ है। टेस्ला के शेयर में 5 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट आई, क्योंकि कंपनी की बिक्री उम्मीद से कम रही। वहीं कुछ टेक कंपनियों के शेयरों में तेजी आई, जिससे बाजार को सहारा मिला। तेल की कीमत बढ़ने से महंगाई का खतरा बढ़ गया है। अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें भी तेजी से बढ़ी हैं, जिससे आम लोगों का खर्च बढ़ रहा है। इसके अलावा हवाई यात्रा और सामान ढुलाई भी महंगी हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर युद्ध लंबा चलता है, तो इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद भी कम हो जाएगी।

## अगर क्रूड 100 डॉलर के पार रहा तो रिजर्व बैंक बढ़ा सकता है ब्याज दरें

# कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने पर भारत में खुदरा महंगाई 6% के पार जा सकती है। एचएसबीसी की इस रिपोर्ट और आरबीआई की आगामी मौद्रिक नीति पर इसके प्रभाव को विस्तार से जानने के लिए पढ़ें रिपोर्ट।

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की लगातार बढ़ती कीमतें भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी बजा रही हैं। विदेशी ब्रोकरेज फर्म एचएसबीसी के अर्थशास्त्रियों की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, यदि कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती हैं, तो भारत में खुदरा महंगाई दर छह प्रतिशत के पार जा सकती है। यह स्तर भारतीय रिजर्व बैंक के सहनशीलता बैंड (2 से 6 प्रतिशत) की ऊपरी सीमा से अधिक है, और इसके पार जाने पर आरबीआई को ब्याज दरों में बढ़ोतरी के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

**महंगाई और मौद्रिक नीति पर बढ़ता दबाव-** मार्च महीने में ब्रेंट क्रूड का औसत भाव 100 डॉलर प्रति बैरल रहने के कारण अर्थशास्त्रियों का मानना है कि हम वर्तमान में एक बड़े चौराहे पर खड़े हैं। अगले बुधवार को आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा होने वाली है और बाजार में इस बात को लेकर अटकलें तेज हैं कि क्या आरबीआई रुपये को बचाने के लिए ब्याज दरों का इस्तेमाल करेगा। हालांकि, एचएसबीसी की रिपोर्ट ने इस तरह के कदम के जोखिमों के प्रति आगाह किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रुपये के बचाव के लिए ब्याज दरों का उपयोग करना बहुत 'महंगा' साबित हो सकता है, क्योंकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के साथ विकास में आने वाली गिरावट काफी तेजी से बढ़ सकती है।

**महामारी से सबक और नीतिगत चुनौतियां-** रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है कि आपूर्ति में सुधार होने से पहले मांग को बढ़ाना खतरनाक हो सकता है, जैसा कि कोविड महामारी के दौरान देखा गया था। उस समय इसी गलती के कारण उच्च और स्थिर महंगाई का सामना करना पड़ा था। नीतिकारों के लिए अब सबक स्पष्ट है कि मांग को समय से पहले बढ़ाने से बचना चाहिए। यह एक बेहद नाजुक संतुलन है, क्योंकि नीति निमार्ता अर्थव्यवस्था को बहुत अधिक उत्तेजित भी नहीं करना चाहते और न ही इतना सख्त करना चाहते हैं जिससे विकास दर में मंदी और गहरी हो जाए।

**आगे का आउटलुक-** एचएसबीसी की रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि अगर तेल की कीमतों का यह एनर्जी शॉक कुछ और हफ्तों तक बना रहता है, तो विकास में आने वाली गिरावट का प्रभाव, महंगाई के झटके से ज्यादा भारी पड़ने लगेगा। ऐसे में बाजार, निवेशकों और उद्योगों की नजरें अब अगले बुधवार को होने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति पर टिकी हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि केंद्रीय बैंक विकास को बनाए रखने और महंगाई को काबू में करने के बीच कैसे संतुलन स्थापित करता है।




### न्यूट्रल रुख और राजकोषीय सुझाव

- एचएसबीसी के अर्थशास्त्रियों ने राजकोषीय और मौद्रिक, दोनों मोर्चों पर फिलहाल तटस्थ रुख अपनाने की सिफारिश की है। इसके पीछे तर्क दिया गया है कि अभी आपूर्ति संबंधी बाधाएं दूर नहीं हुई हैं और ऐसे में मांग को प्रोत्साहित करने से महंगाई और भड़क सकती है। इस न्यूट्रल रणनीति के तहत रिपोर्ट में निम्नलिखित बातें कही गई हैं:
- **राजकोषीय घाटा:** राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2026 (एफवाय26) के स्तर के करीब ही रखा जाना चाहिए।
- **ईंधन की कीमतें:** राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखने में मदद करने के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की जानी चाहिए।
- **लचीलापन:** मौद्रिक मोर्चे पर, 'लचीला' मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचा महंगाई को 2 से 6 प्रतिशत के दायरे में रहने की अनुमति देता है।

## एयरपोर्ट पर यात्रियों को बड़ी राहत

# अब डिपार्चर एरिया में भी रुपए की अदला-बदली की अनुमति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के डिपार्चर एरिया में फॉरेक्स काउंटरों पर बड़ा बदलाव किया है। अब निवासी और गैर-निवासी दोनों यात्री इमिग्रेशन/कस्टम के बाद भारतीय रुपये का विदेशी मुद्रा में आदान-प्रदान कर सकेंगे। पहले यह सुविधा सीमित थी। इस फैसले के लिए मनी चेंजिंग नियमों में संशोधन किया जा रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को बड़ा फैसला लेते हुए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के प्रस्थान क्षेत्र में विदेशी मुद्रा काउंटरों पर भारतीय रुपये के आदान-प्रदान की अनुमति दे दी है।

आरबीआई के अनुसार, अब निवासी और गैर-निवासी दोनों ही यात्री इमिग्रेशन या कस्टम जांच के बाद ड्यूटी-फ्री या सिक्योरिटी होल्ड एरिया में स्थित फॉरेक्स काउंटरों पर भारतीय मुद्रा का बदल सकेंगे। पहले इन काउंटरों को केवल गैर-निवासियों से भारतीय रुपये खरीदने और उन्हें विदेशी मुद्रा बेचने की ही अनुमति थी।

आरबीआई ने एक परिपत्र में कहा, समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के डिपार्चर हॉल में स्थापित विदेशी मुद्रा काउंटरों पर अब निवासी (गैर-निवासियों के साथ) भारतीय रुपये के नोटों का आदान-प्रदान कर सकेंगे। केंद्रीय बैंक ने बताया कि इस फैसले के अनुरूप ह्यमनी चेंजिंग एक्टिविटीजह्न से जुड़े मास्टर निदेशों में संशोधन किया जा रहा है।

## फरवरी में 80.4 फीसदी रहा देश का राजकोषीय घाटा

# रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए 30 दिन की मोहलत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी में 2025-26 के बजट लक्ष्य का 12.52 लाख करोड़ रुपये यानी 80.4 प्रतिशत रहा। एक साल पहले इसी अवधि में यह 85.8 प्रतिशत था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक केंद्र सरकार ने 2025-26 में राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 के अंत तक केंद्र की कुल प्राप्तियां 27.91 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। इन प्राप्तियों में 21.45 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व (शुद्ध) और 5.8 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। सीजीए के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-फरवरी, 2025-26 के दौरान केंद्र सरकार का कुल व्यय 40.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पूरे वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का 81.5 प्रतिशत है।



### रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए 30 दिन की मोहलत

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने रत्न और आभूषण क्षेत्र को बड़ी राहत दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने निर्यातकों को कुछ जरूरी शर्तें पूरी करने के लिए 30 दिन की अतिरिक्त मोहलत दी है। सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है जब युद्ध के चलते वैश्विक हालात तनावपूर्ण हैं और हवाई और समुद्री मार्ग से होने वाले निर्यात पर असर पड़ा है। इससे पश्चिम एशिया संकट से निपटने में मदद मिलेगी। यह क्षेत्र रत्न और आभूषण के लिए एक प्रमुख निर्यात बाजार है। भारत के कुल रत्न और आभूषण निर्यात में इसका हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत है, जो इस वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान 26.2 अरब डॉलर रहा। सरकार के इन उपायों का उद्देश्य कठिनाइयों को दूर करके निर्यातकों की सहायता करना है। डीजीएफटी ने कहा, हाल के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के जवाब में एचबीपी-2023 के अध्याय 4 के तहत रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए सुविधाकारी प्रावधान शामिल किए गए हैं।

- विशिष्ट श्रेणियों के लिए निर्यात व आयात की अवधि को बिना किसी शुल्क या आवेदन की आवश्यकता के 30 दिन के लिए बढ़ाया जा रहा है। छूटों से निर्यात करने वालों पर नियमों का दबाव कम होगा। लेन-देन आसानी से पूरे हो पाएंगे और मौजूदा वैश्विक हालात की वजह से सामान की आवाजाही में हो रही देरी कम करने में मदद मिलेगी।
- प्रमाणन या ग्रेडिंग के लिए भेजे गए हीरों के पुनः निर्यात की अवधि 90 दिन से बढ़ाकर 120 दिन कर दी गई है।
- विदेशी खरीदार से मिले कीमती धातुओं के बदले निर्यात की समयसीमा 90 के बदले 120 दिन होगी।
- विदेश में प्रदर्शनी के लिए भेजे गए रत्न और आभूषणों के पुनः आयात की अवधि को भी 30 दिन के लिए बढ़ा दिया है।
- सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस राहत का लाभ लेने के लिए निर्यातकों को कोई अलग आवेदन या शुल्क देने की जरूरत नहीं होगी।

## देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं

# हर रोज 28 लाख गैस सिलिंडर की हो रही डिलिवरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने कहा कि देश में एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और रोज करीब 28 लाख सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। कंपनी ने कालाबाजारी पर सख्ती बढ़ाते हुए कार्रवाई की है और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने व घबराकर बुकिंग न करने की अपील की है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में भू-राजनीतिक तनाव के बीच भी देश में रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और पर्याप्त बनी हुई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने यह जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

**रोजाना कितने सिलिंडरों की हो रही डिलिवरी-** कंपनी के अनुसार, फिलहाल रोजाना करीब 28 लाख एलपीजी सिलिंडर की डिलिवरी की जा रही है, जो हालिया वैश्विक तनाव से पहले के सामान्य स्तर के बराबर है। इंडियन ऑयल ने बताया कि एलपीजी आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है ताकि देशभर में किसी भी तरह की कमी न हो।

**डिजिटल माध्यम से कितनी हो रही बुकिंग-** कंपनी ने उपभोक्ताओं को एसएमएस और आईवीआरएस जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए बुकिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया है। वर्तमान में लगभग 87% बुकिंग डिजिटल माध्यम से हो रही हैं। साथ ही, डिलीवरी की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डीएसी ओटीपी (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) प्रणाली लागू की गई है।

**कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ हो रही कार्रवाई -** इंडियन ऑयल ने यह भी बताया कि कुछ एलपीजी वितरकों द्वारा कालाबाजारी और जमाखोरी जैसी शिकायतें सामने आई हैं। इसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए अब तक 7,500 से अधिक निरीक्षण किए गए हैं, जिनमें 141 वितरकों पर कार्रवाई हुई है और पांच को निलंबित किया गया है। कंपनी ने अन्य तेल विपणन कंपनियों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर अभियान चलाया है, जिसके तहत करीब 68,000 छापे मारे गए।

## सीमा हैदर ने बेटे का नाम 'भारत' रखा, सिर पर लोटा रखकर कुआं पूजन किया



पाकिस्तान से भारत आईं सीमा हैदर ने अपने बेटे का नाम ह्यभारतह्ण रखा है। गुरुवार को नोएडा के रबूपुरा स्थित घर पर बेटे का नामकरण हुआ। नामकरण संस्कार के पहले सीमा ने जागरण कराया। इसके बाद कुंआ पूजन किया। डीजे की धुन पर नाचती-गाती मोहल्ले की महिलाएं पूजा के लिए निकलीं। घर पर भी संगीत समारोह का आयोजन किया गया। पूजा के बाद घर वापस आते वक्त सीमा ने मीडिया से बात की। सीमा हैदर ने कहा- मेरे बेटे का नामकरण था। घर में जागरण भी कराया। हिंदू धर्म में जब घर में बेटा होता है तो नामकरण किया जाता है। बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। बहुत खुशी का पल है। यह दूसरा कुआं पूजन है, इससे पहले जब मीरा हुई थी, तब कराया था। हिंदू धर्म बहुत खूबसूरत है। उन्हें हिंदू होने पर गर्व है।

सीमा हैदर ने कहा- मैं क्रिकेट मैच में भारत को सपोर्ट करती हूं। भारत जब मैच जीतता है तो मुझे खुशी होती है। मैच के दौरान भगवान से प्रार्थना करती हूं कि भारत की ही जीत हो। भारत के लोग बहुत ही अच्छे हैं। वापस पाकिस्तान नहीं जाना चाहती। हर कास्ट के लोग रबूपुरा में रहते हैं। मुझे प्यार करते हैं, सम्मान देते हैं। मुझे अपनी बहू मानते हैं।

दरअसल, गुरुवार को सीमा हैदर के छठवें बच्चे का नामकरण संस्कार हुआ। उन्होंने 18 फरवरी 2026 को नोएडा के एक अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। इससे पहले एक बेटी को भी जन्म दिया था। सीमा के पाकिस्तानी पूर्व पति से चार बच्चे है। जबकि भारतीय पति सचिन मीणा से 2 बच्चे हैं। सीमा, पाकिस्तान छोड़कर चार साल पहले अपने प्रेमी सचिन के पास आ गई थी।

### हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी, निचले इलाकों में बारिश

# 24 घंटे में 4.6 डिग्री सेल्सियस गिरा तापमान, 9 अप्रैल तक ओलावृष्टि-तूफान की चेतावनी

### अटल टनल रोहतांग में बीती रात को ताजा हिमपात

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले के ऊंचे पहाड़ों पर अप्रैल में भी बर्फबारी हो रही है। बीती रात को अटल टनल, दारचा, रोहतांग दर्रा, शिंकुला दर्रा और स्पीति वैली में ताजा हिमपात हुआ। राज्य के अन्य क्षेत्रों में बीती रात को बारिश हुई।

मौसम विभाग के मुताबिक- अगले छह दिन भी बारिश से राहत के आसार नहीं है। आज कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिला में ओलावृष्टि व तूफान का ऑरेंज अलर्ट दिया गया है, जबकि लाहौल स्पीति और किन्नौर को छोड़कर अन्य सभी जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी दी गई।



अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर पाबंदी लगने के बाद साउथ पोर्टल पर बर्फ के बीच मस्ती करते हुए टूरिस्ट।

### 7 अप्रैल को 10 जिलों में येलो अलर्ट

पांच और छह अप्रैल को 6-6 जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी है, जबकि सात अप्रैल को 10 जिलों को अलर्ट जारी किया गया। आठ अप्रैल को फिर से ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी दी गई है। यह अलर्ट ओलावृष्टि और तूफान को लेकर दिया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क और अधिक ऊंचे क्षेत्रों की यात्रा टालने की सलाह दी है। विशेषकर अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल क्षेत्र में हिमस्खलन के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगा दी है।

मौसम में बदलाव के बाद ऊंचे पहाड़ों पर जनवरी जैसी ठंड लौट आई है। बीते 24 घंटे के दौरान प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य 4.6 डिग्री कम हुआ है। इसके बाद प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरा है। अगले एक सप्ताह तक भी ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं है। पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी जारी रहने से तापमान में अभी तीन से चार डिग्री की और गिरावट आएगी।


मंडी का अधिकतम तापमान 24 घंटे में 7.4 डिग्री नीचे गिरने के बाद 23.5 डिग्री, भुंतर का 7.2 डिग्री कम होने के बाद 21.4, सुंदरनगर का 7.1 डिग्री कम होने के बाद 23.7, मनाली का 6.4 डिग्री लुढ़कने के बाद 15.2 डिग्री, शिमला का अधिकतम तापमान 3.0 डिग्री कम होने के बाद 20.4 डिग्री सेल्सियस रह गया है। अगले छह दिन के दौरान तापमान में और ज्यादा गिरावट आएगी।

### अगले दो दिन मौसम का हाल

5-6 अप्रैल- उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, बिहार, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में बारिश की संभावना है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में ओलावृष्टि की आशंका है। तमिलनाडु में बिजली गिर सकती है।

साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते मध्य प्रदेश में पिछले 4 दिन से आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में भोपाल-ग्वालियर समेत 45 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अनुमान जताया है।

### 11 राज्यों में बारिश का अलर्ट, मप्र-राजस्थान में ओले गिर सकते हैं




देशभर में गर्मी की शुरुआत के बाद मौसम ने फिर करवट ली। दिल्ली, पंजाब सहित 11 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को 36 जिलों में बारिश हुई, आज ओले गिरने की आशंका है।

राजस्थान में शुक्रवार को रेगिस्तानी जिले जैसलमेर-बीकानेर में ओलों की चादर बिछ गई। अजमेर-ब्यावर में आंधी से पेड़ गिर गए और टीनशेड उड़ गए। अगले तीन दिन ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के कोसीकला अनाज मंडी में 10 हजार बोरियों में रखा 5 हजार क्विंटल गेहूं बारिश में भीग गया। इससे पहले राज्य में अलग-अलग जगह आकाशीय बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो चुकी है। हिमाचल की राजधानी शिमला में तेज तूफान के साथ हल्की बारिश और लाहौल स्पीति के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी हुई। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और शिमला जिला में ओलावृष्टि के साथ तेज तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### भारत-चीन सीमा पर बढ़ेगा टूरिज्म, उत्तराखंड में मिलेगा लद्दाख जैसा अनुभव

# पर्यटकों के लिए सालभर खुली रहेगी नेलांग घाटी

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

उत्तराखंड की फेमस नेलांग घाटी का अब पर्यटक पूरे साल लुत्फ उठा सकेंगे। सरकार के इस फैसले से सीमांत इलाके में जहां पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य के साथ, बदलते मौसम और लद्दाख जैसा अनुभव लेने का मौका मिलेगा, वहीं स्थानीय लोगों को पर्यटन को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है। अब तक सीमित समय के लिए खुलने वाली यह घाटी अब हर मौसम में पर्यटकों को प्रकृति की अलौकिक अनुभव उपलब्ध कराएगी। यहां आने वाले पर्यटक मौसम के बदलते हर पल के साथ सर्दियों में बर्फीले नजारों का आनंद ले सकेंगे।

भारत-चीन सीमा के पास स्थित यह घाटी पर्यटकों को अपनी अनोखी प्राकृतिक खूबसूरती और शांत वातावरण का अनुभव कराएगी। अनोखी भौगोलिक संरचना के कारण यह जगह एडवेंचर और फोटोग्राफी के शौकीनों के बीच खास आकर्षण का केंद्र रहेगी। सालभर खुलने से अब यहां पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

प्रशासन ने इस फैसले को लागू करने के लिए जरूरी सुरक्षा इंतजाम और नियम तय किए हैं। पर्यटकों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही घाटी में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। चीन सीमा से सटे इस संवेदनशील जगह को देखते हुए निगरानी और गाइडलाइन का पालन भी पर्यटकों के लिए अनिवार्य होगा। इस पहल से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जाएगा।



### बर्फबारी के बीच मिलेगा अद्भुत अनुभव

पर्यटक यहां का रोमांच तय नियमों के तहत आसानी से उठा सकते हैं। प्रशासन द्वारा निर्धारित परमिट लेकर और गाइड के साथ यात्रा करने से सफर सुरक्षित और सुविधाजनक बनता है। खासकर सर्दियों में बर्फबारी के बीच 4७4 वाहनों से यात्रा करना एक अद्भुत अनुभव देता है। इसके अलावा यहां का शांत और भीड़-भाड़ से दूर वातावरण सुकून की तलाश करने वालों के लिए भी खास है। प्रकृति के करीब समय बिताने, नई जगहों को एक्सप्लोर करने और एडवेंचर का आनंद लेने के लिए नेलांग घाटी तेजी से पर्यटकों की पसंद बनती जा रही है।

### शांत माहौल के लिए बेहद खास

नेलांग घाटी अपनी अलौकिक प्राकृतिक सुंदरता और शांत माहौल के लिए बेहद खास मानी जाती है। भारत-चीन सीमा के पास स्थित यह घाटी बर्फ से ढकी चोटियों, चौड़ी घाटियों और साफ आसमान के कारण किसी विदेशी लोकेशन जैसी अनुभूति देती है। इसकी भौगोलिक बनावट लद्दाख जैसी होने के कारण यह और भी आकर्षक बन जाती है।

### हर पल बदलता है मौसम

यह घाटी एडवेंचर पसंद करने वाले पर्यटकों के लिए एक बेहतरीन डेस्टिनेशन है। यहां ट्रैकिंग, नेचर वॉक और फोटोग्राफी का अलग ही रोमांच देखने को मिलता है। ऊंचाई पर स्थित होने के कारण यहां का मौसम और नजारे हर पल बदलते रहते हैं, जो पर्यटकों को एक अनोखा अनुभव देते हैं।

### संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र होने के लिए परमिट जरूरी

नेलांग घाटी जाने के लिए प्रशासन द्वारा तय प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है। यह इलाका संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में आता है, इसलिए बिना परमिट किसी भी पर्यटक को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाती। परमिट जारी करने की जिम्मेदारी उत्तराखंड वन विभाग के पास है। इसके लिए पर्यटक उत्तरकाशी के वन प्रभाग कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। साथ ही जल्द ही ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन की सुविधा शुरू होने की संभावना है।

परमिट के लिए कुछ जरूरी दस्तावेज देना अनिवार्य होगा। इनमें वैध फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड या वोटर आईडी शामिल हैं। इसके अलावा वाहन की जानकारी, यात्रा करने वाले पर्यटकों की सूची, मोबाइल नंबर और आपातकालीन संपर्क विवरण भी देना होगा। सभी दस्तावेजों की जांच के बाद ही परमिट जारी किया जाता है। तय नियमों और समय सीमा के भीतर ही पर्यटकों को घाटी में प्रवेश और वापसी की अनुमति दी जाती है, जिससे सुरक्षा और व्यवस्था बनी रहे।

### सुबह मिलेगा घाटी में प्रवेश

नेलांग घाटी जाने के लिए प्रशासन ने कुछ जरूरी शर्तें तय की हैं। प्रतिदिन सीमित संख्या में ही पर्यटकों को अनुमति दी जाएगी, ताकि भीड़ नियंत्रित रहे और सुरक्षा बनी रहे। घाटी में प्रवेश केवल सुबह निर्धारित समय पर ही दिया जाएगा और सभी पर्यटकों को शाम तक वापस लौटना अनिवार्य होगा। इससे संवेदनशील क्षेत्र में निगरानी आसान बनी रहती है।

## ईरान ने अमेरिका का एक और लड़ाकू विमान मार गिराया, पायलट की खोज जारी

# जंग के बीच अमेरिकी सेना प्रमुख हटाए गए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ईरान के साथ जंग के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को पद से हटा दिया। उनके साथ दो अन्य जनरल को भी पद से हटाया गया है। इन्हें हटाने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है।

पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा कि जनरल रैंडी जॉर्ज तत्काल प्रभाव से सेना के 41वें चीफ ऑफ स्टाफ के पद से सेवानिवृत्त हो गए हैं। जॉर्ज अगस्त 2023 से (बाइडन प्रशासन के तहत) इस पद पर थे। यह पद आमतौर पर चार साल का होता है।

रक्षा मंत्री हेगसेथ के पिछले साल पद संभालने के बाद से यह एक दर्जन से अधिक शीर्ष जनरल और एडमिरल की बर्खास्तगी की कड़ी में नया मामला है। जनरल रैंडी जॉर्ज की विदाई ऐसे समय में हुई है, जब ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों को पांच सप्ताह बीत चुके हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध समाप्त होने की कोई स्पष्ट समय सीमा नहीं दी है। वहीं अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को पद से हटा दिया गया।

पेंटागन अधिकारी ने बताया कि जनरल क्रिस्टोफर लानेव कार्यवाहक चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में पदभार संभालेंगे। लानेव, हेगसेथ के शीर्ष सैन्य सहायक के रूप में कार्यरत थे जब ट्रंप ने अक्तूबर में उन्हें सेना का वाइस चीफ ऑफ स्टाफ नामित किया था। दो साल पहले तक केवल दो-सितारा जनरल रहे अधिकारी के लिए यह बड़ा प्रोमोशन है। लानेव वेस्ट खाड़ी युद्ध के साथ ही इराक-अफगानिस्तान में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### दो अन्य अधिकारी भी हटाए

पेंटागन अधिकारी के अनुसार, हेगसेथ ने आर्मी जनरल डेविड होडने और मेजर जनरल विलियम ग्रीन को भी पद से हटा दिया। जनरल होडने आर्मी ट्रांसफॉर्मेशन एंड ट्रेनिंग कमांड के प्रमुख थे। यह इकाई दिसंबर में ही बनाई गई थी। मेजर विलियम ग्रीन सेना के चीफ ऑफ चैपलेंस (मुख्य पादरी) थे।

### अमेरिका के अजेय विमानों को मिट्टी में मिलाया

ईरान ने शुक्रवार को अमेरिका के अजेय लड़ाकू विमान एफ-35 को मार गिराने का दावा किया। वहीं दो अमेरिका आधिकारिक सूत्रों ने दावा किया कि उसका दो सीटर लड़ाकू विमान एफ-15 ई ईरान में गिरा है। एक पायलट मिल गया जबकि दूसरे की तलाश जारी है। पेंटागन और सेंट्रल कमांड ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बयान जारी कर बताया कि लड़ाकू विमान गिरने की जानकारी राष्ट्रपति ट्रंप को दी गई है।

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि एक सीटर विमान एफ-35 लड़ाकू विमान को दक्षिण पश्चिम ईरान में मार गिराया गया। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि ईरान ने एफ-35 को बोयर- अहमद प्रांत में गिराया। तेहरान टाइम्स ने एक्स पर विमान के मलबे की फोटो के साथ उसकी तस्वीर भी साझा की है। अमेरिकी समाचार पोर्टल एक्सियोस का दावा है कि ईरान ने मार गिराए गए लड़ाकू विमान की जो तस्वीर साझा की है वो एफ-15 ई विमान की हैं। ईरानी हमले में गिरे लड़ाकू विमान की एफ-15 ई पायलट की तलाश में जुटे ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर को भी ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया है। दावा किया जा रहा कि ये अमेरिकी हेलीकॉप्टर जंगी विमान एफ-15 ई के लापता पायलट की तलाश में ईरान के हवाई क्षेत्र में उड़ान भर रहा था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि थोड़े समय में हम बंद पड़े समुद्री जलमार्ग होर्मुज को खुलवा लेंगे।

## ट्रंप ने दवाओं पर सौ फीसदी शुल्क ठोका, स्टील को दी राहत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार रात आयातित ब्रांडेड दवाओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आदेश जारी किया। एक अन्य आदेश में ट्रंप ने इस्पात, एल्युमीनियम और तांबे के उत्पादों पर टैरिफ घटा दिया है।

इस फैसले का मकसद अमेरिका में दवाओं की आसमान छूती कीमतों को कम करना और देश के भीतर ही दवाओं के उत्पादन को बढ़ावा देना है। ऐसे में अब विदेशी कंपनियों के लिए अमेरिका में महंगी दवाएं बेचना कठिन हो गया है। इस आदेश के बाद भारत सहित उन देशों से पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100% टैरिफ लागू होगा, जिन्होंने न तो अमेरिकी वाणिज्य विभाग के साथ रीशोरिंग समझौता किया है और न ही स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के साथ मोस्ट फेवर्ड नेशन मूल्य निर्धारण समझौता किया है। रीशोरिंग वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा वस्तुओं का उत्पादन और निर्माण वापस कंपनी के मूल देश में किया जाता है। कच्चे स्टील और एल्युमीनियम पर 50% टैरिफ पहले की तरह लागू रहेगा। तकनीकी तौर यह नया टैरिफ ही होगा क्योंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के पहले लगाए गए टैरिफ को अमान्य करार दे दिया है। नए नियमों में खास बात यह है कि यह टैक्स आयात की घोषित कीमत पर नहीं, बल्कि वास्तविक बिक्री मूल्य पर लगाया जाएगा। इसका मकसद उन कंपनियों पर लगाम लगाना है जो कम कीमत दिखाकर टैक्स बचाने की कोशिश करती थीं। इससे भारत जैसे देशों के लिए अमेरिकी बाजार में निर्यात करना महंगा हो सकता है। इन धातुओं से बने उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं।

### ईरान ने दी धमकी, आठ पुल उड़ा देंगे

**तेहरान।** अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच मिसाइल और बमबारी का दौर जारी है। दक्षिण पश्चिम तेहरान के कराज में मध्य पूर्व के सबसे ऊंचे बी-1 पुल को उड़ाने के बाद ईरान ने शुक्रवार को मध्य पूर्व देशों के आठ बड़े ब्रिजों को उड़ाने की धमकी दी है।

ईरान ने ब्रिज पर हमले के बाद खाड़ी देशों के साथ जॉर्डन के कुल आठ बड़े पुलों को उड़ाने की धमकी दी है। ईरान द्वारा जारी सूची के अनुसार ईरान कुवैत के शेख जबर अल अहमद अल सबाह सी ब्रिज, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शेख जायद ब्रिज, अल मकता ब्रिज और शेख खलीफा ब्रिज, सऊदी अरब और बहरीन को जोड़ने वाले किंग फहद लिंकिंग के साथ जॉर्डन के दामिया और अबडून ब्रिज को उड़ाने की धमकी दी है। ईरान के एलबोर्ज प्रांत के डिप्टी गवर्नर घोदरतोल्लाह सेफ ने बताया कि बी-1 ब्रिज पर हुए हमले में आठ लोगों की मौत हो गई है। वहीं 95 लोग घायल हैं। ईरान ने कुवैत की मीना अल अहमदी रिफाइनरी पर शुक्रवार तड़के हमला किया जिससे संयंत्र में आग लग गई।



## भारत में तेल-गैस की आपूर्ति बढ़ाएगा रूस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मास्को

रूस ने पश्चिम एशिया संकट के कारण दुनियाभर में ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच भारत को कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। इसके अलावा दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई है। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों में ऊर्जा सहयोग पर चर्चा की। मंतुरोव ने इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। गुरुवार शाम वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिले थे। तेल और गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर जोर : रूस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, नई दिल्ली में हुई इन बैठकों में तेल एवं गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। डेनिस मंतुरोव ने पुष्टि की कि रूसी कंपनियों के पास भारतीय बाजार को तेल एवं तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की क्षमता है।

# अमेरिकी सेना को मिलेंगे 125 लाख करोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को जारी अपने 2027 के बजट में रक्षा खर्च को बढ़ाकर 1.5 ट्रिलियन डॉलर करने का प्रस्ताव दिया है। यह दशकों में अब तक की सबसे बड़ी मांग है, जो घरेलू कार्यक्रमों के बजाय सैन्य निवेश पर उनके जोर को दर्शाती है। पेंटागन के लिए इस भारी वृद्धि का संकेत राष्ट्रपति ने ईरान के साथ युद्ध शुरू होने से पहले ही दे दिया था। इस योजना के तहत गैर-रक्षा कार्यक्रमों के खर्च में 10 प्रतिशत की कटौती की जाएगी और कुछ जिम्मेदारियों को राज्य व स्थानीय सरकारों को स्थानांतरित किया जाएगा। बजट में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ताकत के जरिए शांति सुनिश्चित करने के लिए हमारी सेना को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अमेरिका पर 39 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज

वर्तमान में अमेरिका लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर के वार्षिक घाटे और 39 ट्रिलियन डॉलर से अधिक के कुल कर्ज के नीचे दबा हुआ है। देश के 7 ट्रिलियन डॉलर के कुल वार्षिक खर्च का लगभग दो-तिहाई हिस्सा मेडिकेयर, मेडिकेड और सोशल सिक्योरिटी में जाता है। शरणार्थी पुनर्वास सहायता कार्यक्रमों को समाप्त करना और होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के फंड का उपयोग करके 1,00,000 वयस्कों और 30,000 परिवारों के लिए हिरासत केंद्र खोलना।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, बड़नगर जिला-उज्जैन म०प्र०**

ई-मेल:-cmobadnagar@mpurban.gov.in फोन नंबर: 07367-225060

क्रमांक/ 638/2026 — दिनांकः-02/04/2026

**तृतीय विज्ञप्ति-प्रकाशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि नगर पालिका परिषद बड़नगर द्वारा नगर के प्रमुख दो चौराहो गांधी चौक एवं डाबरी चौक पर प्रचार-प्रसार एवं विज्ञापन प्रसारण हेतु एल.ई.डी. लगाई गई है, जिसको किराये पर संचालन हेतु दिनांक 01.05.2026 से दिनांक 31.03.2027 तक कुल 11 माह हेतु दी जाना है। इच्छुक केवल ऑपरेटरों/ठेकेदार/व्यवसायिक आदी सील बंद लिफाफे में अपने भावपत्र दिनांक 10.04.2026 सायं 5.00 बजे तक निकाय में प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. | स्थल का नाम | एल.ई.डी. की साईज | टेंण्डर फार्म | अमानत राशि | न्युनतम सालाना किराया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | महात्मा गांधी मार्ग (गांधी चौक) बड़नगर | 8'X5' | 1000/- | 10000/- | 100000/- |
| 02 | महात्मा गांधी मार्ग (डाबरी चौक) बड़नगर | 8'X5' | 1000/- | 10000/- | 100000/- |

1. इच्छुक व्यक्ति निविदा दाता निविदा सुचना की विस्तृत जानकारी व शर्ते नगरपालिका परिषद बड़नगर की राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोडकर देख सकते है।
2. एल.ई.डी. की निविदा पृथक-पृथक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

अभय टोंग्या, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद् बड़नगर
अनिता सतीश वर्मा, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद् बड़नगर
नेहा शांतिलाल गोखरू, राजस्व सभापति नगर पालिका परिषद् बड़नगर
मंशाराम निंगवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् बड़नगर

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कवि की रचना, गजल-3
3. अनुमान, अंदाज-3
5. सद्पुरुष-2
6. अयोग्य, असंगत-2
8. स्वार्थ, लोभ-4
10. सहयोग, सहकार-3
11. उन्माद, सनक-3
12. भगवान का अराधक-2
13. ठंडक, शीतलता-2
14. दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16. चांदी-3
18. गंवारपन, अशिष्टता-4
20. पैंदा, तला-2
22. वर्तमान दिन-2
23. बहने का भाव-3
24. गमन, विदा होना-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन, आर्ट-2
2. बल, दम, जोर-3
3. समीप, नजदीक-3
4. गलत का विलोम-2
5. भ्रम, संदेह-3
7. उपनदी, कैनाल-3
8. नशे से भरपूर-4
9. लाख, सौ हजार-2
11. स्वभाव, आदत-4
14. स्वास्थ्य-3
15. इस जगह-2
17. तहजीब, शिष्टता-3
18. इकट्ठा होना-3
19. रेखा, लाइन-3
21. होठ, अधर-2
22. आगमन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | | 2 | | 6 | | 7 | = | 35 |
| 31 | | 20 | | 35 | | 4 | = | 20 |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| 35 | | 7 | | 8 | | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 48 | | 21 | | 36 | | 29 | = | 40 / 34 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | टि | ल | क्ष | रि | श्ता | ज | व | न | र | ट |
| दा | ह | यू | न | दी | ब | शी | द | इ | ह | ड |
| वा | व | ना | पू | या | जी | थ | न | ग | क | र |
| दा | धी | न | ते | ना | ज | ऑ | म | पा | त | ना |
| म | त | ई | ड | प | व | खें | न | ग | कं | ज |
| र | ए | म | सु | न | टि | पू | न | डॉं | र | रू |
| ती | जं | क | मे | ता | क | ल | श | न | ज | शै |
| क | ल | ग | अ | सं | भ | व | है | ली | न | है |
| ब्रे | यो | र्न | य | ज | चि | क | शै | तु | प | ला |
| ऐ | ला | न | न | ज | न | त्र | द | जी | म्हा | त |
| बे | थी | लो | नि | या | ल | थी | र | रा | त | य |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 1 | 6 | | 4 |
| | 37 | | 37 | | 29 | 3 |
| 2 | 4 | | 7 | | 6 | 1 |
| | 31 | 1 | 28 | | 32 | |
| | 6 | | 2 | | 3 | 7 |
| 1 | 28 | 4 | 27 | | 33 | |
| | 1 | | 3 | | 4 | 6 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# जंग के बीच डोनाल्ड ट्रम्प सरकार में उथल-पुथल

# 24 घंटे में निकाले गए आर्मी चीफ और अटॉर्नी जनरल; काश पटेल-तुलसी गबार्ड को भी हटाने की चर्चा



**अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को हटाए जाने के बाद अब ट्रम्प सरकार में कुछ और बड़े अफसरों को निकाले जाने की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी वेबसाइट द अटलांटिक की रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर ऋइकचीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने गुरुवार को आर्मी चीफ जनरल रैंडी जॉर्ज को तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया। व्हाइट हाउस के प्लान से जुड़े कई लोगों ने बताया कि और भी अधिकारियों को हटाने पर चर्चा चल रही है। इसमें आर्मी सेक्रेटरी डेनियल ड्रिस्कॉल और लेबर सेक्रेटरी लोरी चावेज-डीरेमर का नाम भी शामिल है। ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में बड़े अधिकारियों को हटाने से बचते रहे थे। उन्हें लगता था कि ऐसा करना डेमोक्रेट्स और मीडिया के सामने झुकना होगा।**

## रैंडी जॉर्ज- समय से एक साल पहले जबरन निकाले गए

अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को भी तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया गया है। उठठ ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यह आदेश दिया।

रैंडी का पद साल 2027 में समाप्त होने वाला था। उनके जाने के बाद वाइस चीफ ऑफ स्टाफ जनरल क्रिस्टोफर ला नेव कार्यवाहक आर्मी चीफ की जिम्मेदारी संभालेंगे। ला नेव पहले हेगसेथ के सहायक रह चुके हैं। इस पूरे मामले में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं दी गई है। पेंटागन ने सिर्फ इतना कहा कि वह रिटायर हो रहे हैं और उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया। लेकिन जो संकेत मिलते हैं, उनसे लगता है कि यह फैसला व्यक्तिगत गलती की वजह से नहीं, बल्कि बड़े स्तर पर हो रहे बदलाव का हिस्सा है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ अपने पद संभालने के बाद कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को हटा या बदल चुके हैं। यानी सेना के टॉप लेवल पर नई टीम बनाई जा रही है। एक और बात यह है कि रैंडी जॉर्ज को पिछली सरकार के समय नियुक्त किया गया था। नई सरकार अक्सर अपने भरोसे के लोगों को लाना चाहती है, इसलिए पुराने अधिकारियों को हटाया जाता है।

## काश पटेल- सरकारी पैसे पर अय्याशी करने का आरोप

क्रिस्टी और बॉन्डी के हटने के बाद अगर किसी को हटाए जाने की सबसे ज्यादा चर्चा है तो वे ट्रम्प के खास माने जाने वाले ऋइक चीफ काश पटेल हैं। वे ट्रम्प सरकार के सबसे ज्यादा नजर में रहने वाले अधिकारियों में रहे हैं।

उन पर आरोप है कि उन्होंने ऋइकके सरकारी जेट का इस्तेमाल निजी काम के लिए किया। कहा गया कि वे खेल देखने जैसे निजी कार्यक्रमों में जाने के लिए सरकारी विमान का उपयोग कर रहे थे। उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस को रहअळ कमांडो (स्पेशल वेपन एंड टेक्टिस) सुरक्षा दी और सरकारी रिसोर्स का गलत इस्तेमाल किया। इससे यह सवाल उठा कि क्या वे अपने पद का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

# तुलसी गबार्ड- युद्ध विरोधी अधिकारी का बचाव किया



## क्रिस्टी नोएम- बर्खास्त होने वाली पहली अधिकारी

तुलसी गबार्ड के भविष्य को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। एक सुनवाई के दौरान उन्होंने अपने पूर्व डिप्टी जो केंट की आलोचना नहीं की, जिन्होंने ट्रम्प के ईरान युद्ध के विरोध में इस्तीफा दिया था। गबार्ड ने ट्रम्प के कुछ दावों का विरोध भी किया। उन्होंने सीनेट से कहा कि ईरान ने अपनी यूरेनियम एनरिचमेंट क्षमता फिर से विकसित नहीं की है, जबकि ट्रम्प ने इसी को सैन्य कार्रवाई की बड़ी वजह बताया था। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने निजी तौर पर अपने वरिष्ठ मंत्रियों से गबार्ड को बदलने की संभावना पर बात की है। वह इस बात से नाराज बताए जाते हैं कि गबार्ड ने ऐसे पूर्व अधिकारी का बचाव किया जो ईरान युद्ध को लेकर उनसे असहमत था।

जब ट्रम्प से पूछा गया कि क्या उन्हें गबार्ड पर भरोसा है, तो उन्होंने मिला-जुला जवाब दिया। उन्होंने कहा, ह्लहां, जरूर। उनका सोचने का तरीका मुझसे थोड़ा अलग है, लेकिन इससे यह नहीं होता कि वे सेवा नहीं दे सकतीं। गबार्ड, जो पहले डेमोक्रेटिक सांसद रह चुकी हैं, को अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की जिम्मेदारी संभालने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। अधिकारियों का कहना है कि वह विदेशों में सैन्य हस्तक्षेप को लेकर अपने पुराने संदेह और प्रशासन के आक्रामक रुख के बीच तालमेल बैठाने में कभी-कभी मुश्किल महसूस करती हैं। पिछले साल भी ट्रम्प ने गबार्ड के बयान का सार्वजनिक रूप से विरोध किया था, जब उन्होंने कहा था कि ईरान ने परमाणु बम बनाने का फैसला नहीं किया है। ट्रम्प ने कहा था, वह गलत हैं, और इसके बाद ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की मंजूरी दी थी।

ईरान से जंग के बीच अमेरिकी सरकार में तेजी से प्रशासनिक बदलाव हो रहे हैं। सबसे पहले होमलैंड सिक्योरिटी चीफ क्रिस्टी नोएम को बेदखल किए जाने से इसकी शुरूआत हुई। उन्हें किस वजह से हटाया गया इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं बताई गई है।

कुछ समय से उनकी काम करने की शैली और फैसलों पर सवाल उठ रहे थे। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की जिम्मेदारी होती है कि देश को अंदर और बाहर से आने वाले खतरों से सुरक्षित रखा जाए। उनकी राजनीतिक छवि भी विवादों में रही, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ रहा था। आलोचकों का कहना था कि वे ज्यादा राजनीतिक बयानबाजी कर रही हैं।

ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने से पहले ही साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम को होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का चीफ बनाने के लिए नामित कर दिया था।

ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने से पहले ही साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम को होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का चीफ बनाने के लिए नामित कर दिया था।

## पैम बॉन्डी- एपस्टीन फाइल्स की भेंट चढ़ीं

व्हाइट हाउस के एक करीबी ने द अटलांटिक से कहा कि क्रिस्टी नोएम को हटाने पर जो प्रतिक्रिया मिली, उससे ट्रम्प को हिम्मत मिली और उन्होंने बॉन्डी को हटाने का फैसला आगे बढ़ाया। माना जा रहा है कि पैम बॉन्डी ने एपस्टीन मामले को ठीक से नहीं संभाला। दरअसल,



एपस्टीन मामले से जुड़ी सच्चाई सामने लाने की मांग लंबे समय से हो रही थी, खासकर ह्यक्लाइंट लिस्टह्ण को लेकर, जिसमें यह बताया जाता है कि किन-किन प्रभावशाली लोगों का उससे संबंध था। एपस्टीन पर आरोप था कि वह नाबालिग लड़कियों का शोषण करता था और एक बड़ा नेटवर्क चलाता था, जिसमें ताकतवर और अमीर लोग शामिल हो सकते थे। इसी वजह से लोग यह जानना चाहते हैं कि उस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल था। इसी दबाव में बॉन्डी ने कुछ लोगों को व्हाइट हाउस बुलाया और उन्हें एपस्टीन फाइल्स फेज 1 नाम का फोल्डर दिया। फोल्डर देने के बाद मामला उल्टा बॉन्डी के लिए परेशानी बन गया।

# भविष्य में स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी समुद्री सुरक्षा की नई शक्ति

नौसेना की ताकत में शुक्रवार को और इजाफा हो गया। स्वदेशी परमाणु चालित पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन और एडवांस्ड स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तारागिरी को नौसेना बेड़े में शामिल कर लिया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी दी। अरिदमन भविष्य में समुद्री सुरक्षा की नई ताकत बनेगा। सामरिक दृष्टिकोण से भी इन दोनों का काफी महत्व है।

## 1 आईएनएस अरिदमन




आईएनएस अरिदमन पनडुब्बी अंतिम समुद्री परीक्षण पूरा कर चुकी है। जल्द ही इसे स्ट्रेटेजिक फोर्सेज कमांड में शामिल किया जाएगा। यह 90 फीसदी से अधिक स्वदेशी तकनीक से निर्मित है, जिसमें इसका परमाणु रिएक्टर भी शामिल है। यह पनडुब्बी भारतीय नौसेना के एडवांस्ड तकनीक वाहन (एटीवी) प्रोजेक्ट के तहत विशाखापत्तनम में बनाई गई है।

वजन **7000** टन

लंबाई **125** मीटर

### कोडनेम दिया गया

आईएनएस अरिदमन एक एडवांस न्यूक्लियर-पावर्ड बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) है, जो अरिहंत-क्लास का हिस्सा है। इसे एस-4 कोडनेम के साथ विकसित किया गया है।

### क्या है खासियत

- आईएनएस अरिदमन में आठ वर्टिकल लॉन्च ट्यूब हैं। यह एक साथ ज्यादा मिसाइलें ले जा सकेगी
- इसमें आठ के-4 मिसाइलें लगाई जा सकती हैं, जिनकी रेंज 3500 किलोमीटर है
- इसमें बेहतर सोनार-एब्जॉर्बिंग कोटिंग और शोर-कम करने वाली तकनीक है, जिससे यह दुश्मन के लिए पता करना मुश्किल हो जाता है
- यह पनडुब्बी समुद्र से परमाणु हमले की क्षमता प्रदान करती है।

## 2 आईएनएस तारागिरी



### प्रोजेक्ट 17ए के तहत बना

आईएनएस तारागिरी भारतीय नौसेना का एक अत्याधुनिक और शक्तिशाली युद्धपोत है। यह भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 17ए के तहत बनाया गया तीसरा स्टेल्थ फ्रिगेट है।

| | | |
|---|---|---|
| वजन | - | 6,670 टन |
| लंबाई | - | 149 मीटर |
| गति | - | 52 किमी प्रति घंटे |
| रेंज | - | 10,186 किमी |

### 75 फीसदी हिस्सा स्वदेश निर्मित

आईएनएस तारागिरी का निर्माण आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान का एक बेहतरीन उदाहरण है। इसका लगभग 75 फीसदी हिस्सा स्वदेशी उपकरणों और डिजाइन से बना है।

### इन खूबियों से लैस है यह पनडुब्बी

- आईएनएस तारागिरी की सबसे बड़ी खूबी इसकी स्टेल्थ क्षमता है। यानी यह दुश्मन के रडार की पकड़ में आसानी से नहीं आता।
- यह युद्धपोत एकसाथ जमीन, हवा, पानी के खतरों से निपटने में सक्षम है।
- मल्टी-फंक्शन रडार एक साथ सैकड़ों लक्ष्यों पर नजर रख सकता है।
- यह दो गैस टर्बाइन और दो डीजल इंजनों के संयोजन चलता है।

■ वर्ष-12 अंक-150 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 04 अप्रैल, 2026

### सुभाषितानि

**क्रोधो हर्षश्च दर्पश्च ह्रीः स्तम्भो मान्यमानिता।**
**यमर्थान् नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते।।**

**भावार्थ** : जो लोग क्रोध, अहंकार, कुकर्म, अति-उत्साह, स्वार्थ, अहंकार आदि विकारों से आकर्षित नहीं होते, वे ही सच्चे ज्ञानी होते हैं।

**क्रोधो वैवस्वतो राजा तष्णा वैतरणी नदी।**
**विद्या कामदुघा धेनुः सन्तोषो नन्दनं वनम्।।**

**भावार्थ** : यमलोक का राजा यमराज के समान क्रोध होता है ओर भयंकर वैतरणी नदी के समान तृष्णा होती है। माता कामदुधा धेनु के समान फल देने वाली विद्या होती है, आनंद वैन के समान संतोष होता है अब आप पर निर्भर है कि आप किसी चुनते है।

## सम्पादकीयम्

### नवीकरणीय-ऊर्जा-स्रोतानां प्रचारं

आयातेषु अतिशयेन आश्रयः अवश्यमेव न्यूनीकर्तुं शक्यते। सौर-वायु-शक्तिः इत्यादीनां नवीकरणीय-ऊर्जा-स्रोतानां प्रचारं त्वरितुं समयः अस्ति। विद्युत्वाहनानां प्रोत्साहनं अवश्यं करणीयम्। एतेन न केवलं पेट्रोल-डीजल-व्ययस्य न्यूनता भविष्यति अपितु पर्यावरण-सुधारः अपि भविष्यति। बृहत्तराः भण्डाराः। अन्यत् महत्त्वपूर्णं सोपानं सामरिकतैलभण्डारस्य विस्तारः अस्ति। केन्द्रीयमन्त्री हरदीपसिंहपुरी अद्यैव उक्तवान् यत् भारतस्य पेट्रोलियमभण्डारः ७४ दिवसपर्यन्तं देशस्य आवश्यकतां पूरयितुं पर्याप्तः अस्ति। परन्तु अन्तर्राष्ट्रीयऊजार्संस्थायाः अनुसारं ९० दिवसानां आरक्षितक्षमता मानका आवश्यकता अस्ति। अयं विषयः राष्ट्रस्य सुरक्षायाः अपि च अर्थव्यवस्थायाः च अविच्छिन्नरूपेण सम्बद्धः अस्ति। पश्चिम एशियायाः इतिहासः अस्थिरतायाः इतिहासः एव अभवत्; अतः भारतेन स्थिरतायाः स्वमार्गः निर्मातव्यः। एते सर्वे उपायाः तैलस्य, गैसस्य च आपूर्तिः अबाधितप्रवाहः सुनिश्चित्य कार्यान्विताः सन्ति। परन्तु यत् परिमाणं यावत् विग्रहः वर्धितः तत् दृष्ट्वा तस्य प्रतिकूलता एकस्मिन् रूपे वा अन्यस्मिन् वा अनुभूयते इति अपि स्वीकारणीयम् भारतसदृशानां राष्ट्रानां कृते-ये स्वस्य पेट्रोलियम-आवश्यकतानां विशाल-बहुमतं आयातयन्ति-एतत् परीक्षणस्य महत्त्वपूर्णं क्षणं प्रतिनिधियति। आत्मनिर्भरतायाः प्रति : संकटस्य क्षणाः प्रायः बहुमूल्यं पाठं स्वैः सह आनयन्ति।

#### केन्द्रसर्वकारेण बृहत् उद्धारकार्यक्रमः आरब्धः

## पश्चिम एशिया संकटस्य मध्यं ४२६,००० भारतीयानां स्वदेशप्रत्यागमनम्ः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

पश्चिमे एशियायां प्रचलति तनावस्य युद्धसदृशस्य च परिस्थितेः मध्यं भारतसर्वकारेण स्वनागरिकाणां सुरक्षितं पुनरागमनं सुनिश्चित्य बृहत्प्रमाणेन अभियानं प्रारब्धम्। विदेशमन्त्रालयस्य अनुसारं २०२६ तमस्य वर्षस्य फेब्रुवरी-मासस्य २८ दिनाङ्कात् आरभ्य कुलम् ४२६,००० यात्रिकाः विभिन्नमार्गेण भारतं प्रति प्रत्यागताः। एतत् आकङ्कणं न केवलं संकटस्य गुरुत्वं प्रतिबिम्बयति अपितु सर्वकारेण कृतानां व्यापकं द्रुतं च प्रयत्नाः अपि प्रकाशयति।

उपक्रमस्य विवरणं दत्त्वा विदेशमन्त्रालयेन उक्तं यत् अस्मिन् अभियाने विशेषतया तेभ्यः भारतीयेभ्यः प्राथमिकता दीयते ये युद्धप्रभावितक्षेत्रेषु अटन्ति। मन्त्रालयस्य अनुसारं तेहराननगरे भारतीयदूतावासस्य सक्रियभूमिकायाः कारणात् १०४३ भारतीयनागरिकाः-येषु ७१७ छात्राः अपि आसन्-सुरक्षितरूपेण निष्कासिताः एते छात्राः विभिन्नेषु विश्वविद्यालयेषु अध्ययनं कुर्वन्तः आसन्, आकस्मिकरूपेण स्थितिः क्षीणतां प्राप्तवन्तः आसन्।

अन्तिमेषु दिनेषु पश्चिम एशियायां वर्धमानाः संघर्षाः, विमानप्रहाराः, अस्थिरसुरक्षास्थितिः च सामान्यजीवनं भृशं बाधितवती अस्ति। एतेषां विकासानां प्रभावः तैलस्य आपूर्तिः, वाणिज्यिकक्रियाकलापः च अभवत्। फलतः बहुसंख्याकाः भारतीयनागरिकाः स्वदेशं प्रति प्रत्यागन्तुं निश्चयं कृतवन्तः। तेषां सहायार्थं सर्वकारेण विमानसेवाभिः, दूतावासैः, स्थानीयप्रशासनिकाधिकारिभिः च सह समन्वयः स्थापितः।

विदेशमन्त्रालयस्य अधिकारिणः व्याख्यातवन्तः यत् स्वदेशप्रत्यागमनस्य अभियानं चरणबद्धरूपेण कृतम्। विमानसेवाकम्पनीभिः सह सहकार्यं कृत्वा अतिरिक्तविमानयानानां व्यवस्था कृता, आवश्यकतावशात् आपत्कालीनयात्रादस्तावेजाः प्रदत्ताः। यत्र प्रत्यक्षविमानयानं सम्भवं नासीत्, तत्र व्यक्तिं भारतं प्रति आनयितुं पूर्वं वैकल्पिकमार्गेण सुरक्षितस्थानेषु परिवहनं कृतम्।

पश्चिम एशियायाः विभिन्नेषु भागेषु भारतीयनागरिकाणां संख्या वर्तते इति अपि सर्वकारेण स्पष्टीकृतम्, तेषां सुरक्षां सुरक्षां च सुनिश्चित्य निरन्तरनिरीक्षणं क्रियते। दूतावासाः उच्चसचेतनायां स्थापिताः, कस्यापि आपत्कालीनस्थितेः निवारणाय शीघ्रं कार्यवाही कर्तुं सज्जता च कृता अस्ति। अस्मिन् सम्पूर्णे कार्ये भारतीयमिशनैः हेल्पलाइनसङ्ख्याः निर्गताः, सामाजिक माध्यमचैनलद्वारा निरन्तरं सम्पर्कः च कृतः। एतेन अटन्तः नागरिकाः समये एव समीचीनाः सूचनाः, सहायता च प्राप्नुवन्ति स्म। विदेशमन्त्रालयेन अपि उक्तं यत्, संकटस्य आलोके भारतीयनागरिकाणां सल्लाहः दत्तः यत ते स्वपञ्जीकरणं कुर्वन्तु, दूतावासस्य सम्पर्कं च कुर्वन्तु।

#### अतिक्रमणानां निष्कासनेन

## औद्योगिकक्षेत्रस्य मार्गः स्वच्छः प्रमुखमार्गेषु प्रमुखं चालनं कृतम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

अतिक्रमणानां विरुद्धं प्रमुखं अभियानं प्रारभ्य प्रशासनेन नगरस्य अनेकाः प्रमुखक्षेत्राणि सफलतया स्वच्छं कृत्वा अतिक्रमणमुक्ताः अभवन्। जिलाप्रशासनं, पुलिसं, नगरनिगमं च सम्मिलितं संयुक्तकार्यक्रमस्य अन्तर्गतं आधारतालतः रिचाई औद्योगिकक्षेत्रं प्रति गच्छन् मार्गः स्वच्छः कृतः, येन यातायातप्रवाहः सुचारुतया भवति। एतस्य कार्यस्य अनन्तरं औद्योगिकक्षेत्रं प्राप्तुं पूवार्पेक्षया अधुना महत्त्वपूर्णतया सुलभं सुरक्षितं च जातम्।

राघवेन्द्रसिंह, संपत उपाध्याय, रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। प्रशासनस्य उद्देश्यं नगरे व्यवस्थां आनयितुं तस्य यातायातप्रबन्धनव्यवस्थायां सुधारं कर्तुं च अस्ति; अस्य कृते अतिक्रमणानि दूरीकर्तुं कार्याणि निरन्तरं क्रियन्ते।

अभियानस्य कालखण्डे नगरनिगमदलेन आयुर्वेदिकमहाविद्यालयक्षेत्रस्य समीपे स्थितानि अवैधरूपेण निर्मिताः झोपडाः, बस्तयः च निष्कासिताः। एषा कार्यवाही न केवलं क्षेत्रं अतिक्रमणमुक्तं कृतवती अपितु शैक्षिकसंस्थायाः परितः स्वच्छतरं सुरक्षितं च वातावरणं निमार्तुं महत्त्वपूर्णं पदानि अपि चिह्नितवती। अपि च महाराजपुर-ऋच्छाई-क्षेत्रे अवैधरूपेण मटन-मत्स्य-विपणयः संचालिताः सन्ति इति संरचनाः विच्छिन्नाः, तत्र संगृहीताः मालाः च जप्ताः प्रवर्तनकार्याणि केवलं एतेषु क्षेत्रेषु एव सीमिताः न आसन्। पिसंहारी मधिया मार्केट् क्षेत्रे अपि दुकानदारानाम् कृते कठोरनिर्देशाः निर्गताः, यस्य परिणामेण तेषां दुकानानां बहिः स्थापितानां मालानाम्, पुशकार्ट्, अस्थायी स्टालानां च निष्कासनं कृतम् अधिकारिभिः स्पष्टं कृतम् यत्।

## संघस्य सदस्याः प्रतिपादयन्ति यत् अस्मिन् विषये दोषी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

अस्य घटनायाः विरोधे कर्मचारीसङ्घस्य पदाधिकारिणः निष्पक्षतया उच्चस्तरीयस्य च जाँचस्य आग्रहं कृतवन्तः। संघस्य सदस्याः प्रतिपादयन्ति यत् अस्मिन् विषये दोषी इति ज्ञातानां अधिकारिणां, पर्यवेक्षकाणां, अन्येषां वा उत्तरदायीव्यक्तिनां विरुद्धं कठोरकार्याणि करणीयाः येन भविष्ये एतादृशाः घटनाः पुनरावृत्तिः न भवति इति सुनिश्चितं भवति। तदतिरिक्तं ते अस्मिन् प्रकरणे हस्तक्षेपं कर्तुं मानवअधिकारआयोगं प्रति अपीलं कृतवन्तः। एतस्याः दुःखदघटनायाः अनन्तरं मृतस्य परिवारः अतीव दुःखे, दुःखे च निमग्नः अस्ति। मुकेश मराविः स्वपत्न्या बालकान् च त्यक्तवान् अस्ति, ये अधुना तीव्रवित्तीयसंकटस्य सामनां कुर्वन्ति। कर्मचारीसङ्घेन आग्रहः कृतः यत् सम्बन्धितः ठेकेदारः मृतकस्य परिवाराय न्यूनातिन्यूनं लक्षरूप्यकाणां आर्थिकसहायतां प्रदातुम्।

### राशिफल

**मेष** : आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, बेवजह खर्च करने से बचें। छोटी बातों को नजरअंदाज करना बेहतर रहेगा।

**वृषभ** : पैसों का संतुलन बना रहेगा। परिवार के साथ समय बिताने से अच्छा महसूस होगा। सेहत ठीक रहेगी, दिनचर्या नियमित रखें।

**मिथुन** : परिवार में माहौल अच्छा रहेगा। दोस्तों या करीबी लोगों से बातचीत मन को हल्का करेगी।

**कर्क** : समय के साथ स्थिति संभल जाएगी। सेहत का ध्यान रखें। अध्ययन और सीखने में सफलता तब बेहतर रहेगी।

**सिंह** : लोगों के साथ काम करने का आपका अनुभव और टीम तैयार करने में सक्षम होने से आपको फायदा होगा।

**कन्या** : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी भी प्रकार का रिस्क लेने से बचें। आपका शांत स्वभाव चीजें संभाल लेगा।

**तुला** : मन शांत रहेगा। आज आपका मन खुश रहेगा। बस शाम में थोड़ी देर तनाव रह सकता है।

**वृश्चिक** : रिश्तों में संतुलन बनाए रखें। पैसे की बचत पर ध्यान दें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**धनु** : आर्थिक रूप से रुका हुआ पैसा मिलने की उम्मीद है, जिससे राहत मिलेगी। स्वास्थ्य में तनाव कम होगा और मन हल्का रहेगा।

**मकर** : आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें। आपका स्वास्थ्य भी आपका साथ देगा। ऑफिस में नई संभावनाएं बनेंगी।

**कुंभ** : उपाय के तौर पर पीली वस्तु अपने पास रखना शुभ होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकती है।


**मीन** : परिवार के साथ समय बिताने से मन हल्का महसूस करेगा। सेहत सामान्य रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। पर्याप्त पानी पिएं।

### ज्योतिष/वास्तु

## अप्रैल में इन राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन, करियर-कारोबार में मिलेगी खुशखबरी

ज्योतिषियों के अनुसार, गुरु गोचर न सिर्फ आध्यात्मिक उन्नति के द्वार खोलता है, बल्कि जीवन के कई क्षेत्रों में स्थिरता और तरक्की के संकेत भी देता है। ऐसे में उनका यह नक्षत्र परिर्तन किन राशियों के लिए लकी रहेगा, आइए जानते हैं।

शुभ योग के साथ अप्रैल का महीना प्रारंभ हो गया है। इस महीने कई ग्रह अपनी चाल में परिवर्तन करेंगे, जिनमें देव गुरु बृहस्पति भी शामिल है। ज्योतिष गणना के मुताबिक, 20 अप्रैल 2026 को गुरु ग्रह पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। खास बात यह है कि, पुनर्वसु नक्षत्र के स्वामी स्वयं गुरु बृहस्पति ही हैं। ऐसे में यह घटना अत्यंत शुभ और प्रभावशाली मानी जा रही है। इस स्थिति को स्व-नक्षत्र गोचर कहा जाता है। वहीं गुरु के अपने ही घर में आने पर उनकी शक्ति कई गुना बढ़ जाती है और वह अपने सकारात्मक फल अधिक प्रभावशाली ढंग से प्रदान करते हैं। ऐसे में कुछ राशि वालों को इस गोचर से विशेष लाभ मिल सकता है। साथ ही जातकों के ज्ञान, भाग्य, धन लाभ और व्यापार विस्तार की भी संभावनाएं अधिक है। आइए इनके बारे में जानते हैं।



**मिथुन राशि वालों को मिलेगा विशेष लाभ–** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय नई शुरूआत का संकेत दे रहा है। इस समय विवाह के योग मजबूत हो सकते हैं और जो लोग लंबे समय से रिश्ते की तलाश में हैं, उन्हें अच्छी खबर मिल सकती है। खास बात यह है कि, मिथुन राशि वालों के परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। इस समय नया वाहन खरीदने की इच्छा पूरी होगी। व्यापार से जुड़े निर्णय आपको आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।

**कन्या राशि वालों को मिलेंगे नए अवसर –** कन्या राशि वालों के लिए यह गोचर जीवन में नए अवसर लेकर आएगा। माना जा रहा है कि, इस राशि के लोग नए लोगों से मिलेंगे, जो भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इसके अलावा सामाजिक दायरा बढ़ेगा और आपकी पहचान मजबूत होगी। विदेश यात्रा व किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग सफल होती हुई नजर आएगी। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है, खासकर उनके करियर या पढ़ाई को लेकर संतोषजनक परिणाम सामने आ सकते हैं।

**मीन राशि वालों का होगा भाग्योदय–** मीन राशि के जातकों के लिए यह समय भाग्योदय का संकेत दे रहा है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। व्यापार में अचानक कोई शुभ समाचार जीवन में नई ऊर्जा भर सकता है। खास बात यह है कि, करियर में सफलता के योग बन रहे हैं। आपकी मेहनत का फल अब मिलने लगेगा। आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिलेगा, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## खबर एक नजर...

### नाबालिग से दुष्कर्म का मामला, 6 माह की गर्भावस्था ने बढ़ाई कठिनाई

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यह घटना तब उजागर हुई जब बालिका के गर्भवती होने की जानकारी परिवार को मिली। जांच में सामने आया कि बालिका करीब 6 माह की गर्भवती है। बताया जाता है कि बालिका कक्षा पांचवी की छात्रा है। परिजनों ने बालिका के शारीरिक बदलाव को देखकर डॉक्टर से जांच करवाई। जांच में गर्भावस्था की पुष्टि हुई। पूछताछ में बालिका ने बताया कि गांव के एक युवक ने उसे बहला-फुसलाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया और बाद में धमकाकर कई बार शोषण करता रहा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट दुष्कर्म धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। भेरूगढ़ एसआई शोभाराम किरार के अनुसार बालिका 6 माह की गर्भवती है उसके परिवार में कोर्ट में गर्भपात के लिए अर्जी लगाइए है मामले में बोर्ड निर्णय लेगा। फिलहाल बालिका को उसके माता-पिता के हवाले किया गया है साथ ही महिला पुलिसकर्मी भी बालिका का ध्यान रख रही है।

### पैर के ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती बच्चे की मौत

**उज्जैन।** शुक्रवार को आरडी गाडी अस्पताल में एक मासूम की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। घटना शुक्रवार सुबह 10:00 बजे के लगभग की बताई जा रही है। नागझरी निवासी प्रियांशु चंदेल के डेढ़ वर्षीय बेटे राहुल चंदेल को दुर्घटना में पैर में चोट लगने पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार सुबह बच्चे के पैर के ऑपरेशन के लिए उसे ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। जहां उसका ऑपरेशन किया जा रहा था लेकिन डेढ़ से 2 घंटे ऑपरेशन चलने के बाद भी डॉक्टरों द्वारा परिजनों को कोई जानकारी नहीं दी गई बाद में बताया गया कि बच्चे की सांस थम गई है। यह सुन परिजनों के होश उड़ गए और उनका अस्पताल में रो-रो कर बुरा हाल हो गया इधर परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। हालांकि मामले में अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कुछ भी कहने से इनकार किया गया है डॉक्टरों ने सिर्फ इतना बताया कि बच्चे को एनेस्थीसिया के दौरान कार्डियक अरेस्ट आया था। लेकिन मौत के स्पष्ट कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी।

### गैरेज में एमडी ड्रग फैक्ट्री खोलने की साजिश को पुलिस ने किया नाकाम

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आगर रोड स्थित एक मोटर गैरेज में सिंथेटिक ड्रग (एमडी) बनाने की फैक्ट्री खुलने की तैयारी को नाकाम कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 75 किलो खतरनाक केमिकल, फर्जी बिल, एक कार और 8.5 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, तस्कर गैरेज में एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री स्थापित करने की तैयारी में थे। इसके लिए उन्होंने गुजरात की कंपनियों से फर्जी केमिकल विक्रेता बनकर प्रतिबंधित और खतरनाक केमिकल मंगवाए थे। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचोरिया ने बताया कि 3 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आगर रोड स्थित कृष्णा मोटर्स गैरेज में भारी मात्रा में संदिग्ध केमिकल रखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने डिजिटल सर्विलांस और फील्ड इंटेलिजेंस के जरिए घेराबंदी कर दबिश दी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 889-5 | 370-0 |
| मेन बाजार | 689-3 | 137-1 |
| मिलन डे | 177-5 | 678-1 |
| मिलन नाइट | 378-8 | 446-4 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 |

## शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर युवक के साथ 70 हजार की ठगी, उज्जैन पुलिस की इंदौर में दबिश, 4 गिरफ्तार

# फर्जी एप से ठगी करने वाला गैंग बेनकाब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर अधिक लाभ दिलाने का झांसा देकर युवक के साथ 70 हजार की ठगी करने वाले गिरोह को उज्जैन पुलिस ने इंदौर में दबिश देकर बेनकाब किया है। पुलिस चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उज्जैन लाई है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि सूरज राठौर निवासी राधामोहन की गली, अंकपात मार्ग ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसे शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर अधिक लाभ दिलाने का झांसा देकर कुल 70 हजार की धोखाधड़ी की गई है। शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज होने के उपरांत थाना जीवाजीगंज पुलिस को प्राप्त हुई। शिकायत की तकनीकी और मैनुअल जांच प्रारंभ की गई, जिसमें मोबाइल नंबर, बैंक खातों, यूपीआई ट्रांजेक्शन एवं डिजिटल फुटप्रिंट का विश्लेषण किया गया। मोबाइल नंबरों एवं बैंक खातों के विश्लेषण से सौरभ यादव निवासी इंदौर की पहचान हुई। जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसके द्वारा थाना विजयनगर, जिला इंदौर अंतर्गत ऑर्बिट मॉल के पीछे पीयू -4 क्षेत्र स्थित प्लॉट नंबर 230 की एक मल्टी के तृतीय तल पर एलिस ब्रोकरेज फर्म के नाम से संचालित फर्जी कार्यालय की जानकारी दी गई। उक्त स्थान पर सुनियोजित तरीके से दबिश दी गई, जहां एक कॉल सेंटर/ऑफिस संचालित पाया गया। मौके से मुख्य संचालक अरुण पिता अमृतलाल लोधी 27 वर्ष, नीरज पिता मुंशी आदिवासी 33 वर्ष निवासी स्मार्ट लिविंग पेरीडॉट देवास नाका जिला इंदौर, स्थायी पता ग्राम मामोनीखुर्द तहसील करेरा जिला शिवपुरी और राहुल पिता राधेश्याम पाटीदार 31 वर्ष निवासी मकान नंबर 263 सेक्टर ई स्लाइस-4 स्कीम नंबर 78 जिला इंदौर (रवि शर्मा का किराये का मकान), स्थायी पता ग्राम कालूखेड़ा तहसील सारंगपुर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया। पूर्व से हिरासत में सौरभ पिता विजय यादव 25 वर्ष निवासी न्यू गौरी नगर मिलन होटल के पास इंदौर फर्जी शेयर ट्रेडिंग कंपनी का नेटवर्क समन्वयक होना सामने आया। दबिश के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ 6 बेनामी सिम कार्ड, 3 बेनामी डेबिट कार्ड (स्टेट बैंक एवं जना बैंक), 15 सीपीयू (कंप्यूटर यूनिट), 19 मॉनिटर, मोबाइल फोन, राउटर, कीबोर्ड, माउस, विभिन्न व्यक्तियों के डाटा (डिमेट/मोबाइल/बैंक विवरण), रजिस्टर जप्त किये गये है।

**पांचवें आरोपी की तलाश-** थाना प्रभारी के अनुसार मामले में एक आरोपी मिंटू उर्फ मयूर परिहार निवासी न्यू गौरी नगर जिला इंदौर, स्थायी पता कुमेदान मोहल्ला जिला टीकमगढ़ फरार है, जो फर्जी सिम कार्ड एवं बैंक खातों के डेबिट कार्ड उपलब्ध कराता था। उसकी तलाश में एक टीम रवाना की गई है। गैंग को बेनकाब करने में प्रधान आरक्षक सर्वेश भदौरिया, आरक्षक दीपांशु पिपलोटिया, शंकरसिंह, महेन्द्र वैष्णव, बृजभूषण शर्मा की भूमिका रही।

### फर्जी एप महिंद्र ट्रेडिंग पर दिखते थे प्रॉफिट

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि फर्जी कंपनी में 10-12 कर्मचारी कार्यरत थे । कर्मचारियों को स्क्रिप्ट आधारित कॉलिंग कर निवेशकों को फंसाने का प्रशिक्षण दिया जाता था। विभिन्न स्त्रोतों से डिमेट अकाउंट धारकों एवं निवेशकों का डाटा खरीदा जाता था। फर्जी एप महिंद्र ट्रेडिंग का उपयोग कर निवेशकों को नकली ग्राफ एवं प्रॉफिट दिखाया जाता था। व्हाट्सएप कॉल/मैसेज के माध्यम से संपर्क कर शेयर मार्केट में भारी लाभ का लालच दिया जाता था। प्रारंभ में अधिकृत (ऑथेंटिक) ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराकर विश्वास जीतते थे फिर फर्जी यूपीआई आईडी के माध्यम से 20 हजार से 1 लाख तक की राशि जमा करते थे, कमीशन बचाने का झांसा देकर महिंद्रा ट्रेडिंग नामक फर्जी एप डाउनलोड कराते थे। एप में निवेश पर अत्यधिक लाभ प्रदर्शित करते जब निवेशक लाभ निकालने का प्रयास करता, तो बहाने बनाकर रोका जाता था और निकासी केलिए अतिरिक्त राशि जमा कराने का दबाव बनाकर ठगी की जाती थी।

## छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के माधवनगर थाना क्षेत्र स्थित ऋषि नगर के देवसरा फिलिंग स्टेशन पर मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। मंदसौर के मेलखेड़ा निवासी और उज्जैन में पॉलिटेक्निक फाइनल ईयर के छात्र पवन कुणावत ने पेट्रोल पंप मालिक के मित्र गोपाल कृष्ण सोनी पर बेरहमी से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित छात्र का कहना है कि महज 10 से 15 रुपये के हिसाब में कमी आने की छोटी सी बात पर गोपाल कृष्ण सोनी ने उसे केबिन में बुलाकर थप्पड़ों और अंगूठी पहने हाथों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके चेहरे और गर्दन पर चोट के निशान आए हैं।

पवन कुणावत ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि आरोपी गोपाल कृष्ण सोनी न तो पंप का मालिक है और न ही कर्मचारी, वह केवल मालिक का मित्र होने की धौंस जमाकर आए दिन कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट करता है। घटना के समय मैनेजर विशाल योगी और अन्य कर्मचारी वहां मौजूद थे, जिन्होंने बीच-बचाव कर छात्र की जान बचाई। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने गंदी गालियां देते हुए कहा कि उसकी पहुंच ऊपर तक है और यदि पुलिस में रिपोर्ट की तो वह उसे जान से खत्म कर देगा। पीड़ित ने बताया कि घटना सीसीटीवी में कैद हुई है।

## 1.84 किलो गांजा और बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत थाना भाटपचलाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 840 ग्राम गांजा और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। कुल जब्ती का मूल्य करीब 68 हजार रुपये आंका गया है।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 3 अप्रैल 2026 को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ग्राम खरसोदकला क्षेत्र के झाबरी रोड पुलिया के पास मोटरसाइकिल पर गांजा लेकर खड़ा है और तस्करी के उद्देश्य से सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना मिलने पर

थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया।संदिग्ध व्यक्ति की पहचान महेश पिता अमर सिंह भीलवाड़ा (37 वर्ष), निवासी खरसोदकला के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद झोले से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने 1 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद किया जिसकी अनुमानित कीमत 18,000 बताई जा रही है। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल अनुमानित कीमत 50,000 कुल 68,000 जब्ती की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया गया है (अपराध क्रमांक 129/2026)। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया है और आगे की विवेचना जारी है।

**अभियान का असर दिखने लगा-** उज्जैन पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई से साफ संकेत है कि पुलिस अब छोटे स्तर के तस्करों के जरिए बड़े नेटवर्क तक पहुंचने की रणनीति पर काम कर रही है।

**पुलिस की अपील..** पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि मादक पदार्थों से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि इस अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

## महू में कर चुका था वारदात, फुटेज मिलने सिमरोल पहुंची पुलिस

# उपचार करने आए बदमाश ने चुराए थे चांदी के आभूषण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आभूषण दुकान से 2 किलो चांदी के जेवरात चुराकर भागे बदमाश को पुलिस ने 60 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। बदमाश इंदौर के सिमरोल से उपचार करने के लिए नागदा आया था। जिसे पूछताछ के लिए तीन दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि 29 मार्च को गुर्जर मोहल्ले में आभूषण की दुकान संचालित करने वाले प्रकाशचन्द्र पिता रामनिवास सोनी, निवासी नागदा ने शिकायत दर्ज कराई की उसकी दुकान से शाम 7:30 बजे के लगभग अज्ञात बदमाश 2 किलो चांदी के जेवरात (कीमत 4.60 लाख) लेकर भाग गया है। वह टॉयलेट करने गया था, 2 मिनट से कम समय में वापस लौट आया था इसी बीच आभूषण चोरी हुए हैं। मामले की जांच शुरू की गई और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे गए, जिसमें एक बदमाश दिखाई दिया, जिसकी पहचान के प्रयास शुरू किए गए इसी दौरान पता चला कि कुछ समय पहले महू में भी ऐसे ही आभूषण दुकान पर चोरी हुई थी। महू पुलिस ने सुरेश पिता कैलाश राठौड़, निवासी ग्राम दातोद, थाना सिमरोल जिला इंदौर को गिरफ्तार किया था। नागदा पुलिस टीम ने महू पुलिस से संपर्क कर उक्त बदमाश का फोटो-मोबाइल नम्बर प्राप्त किया। फोटो का मिलान नागदा में मिले फुटेज से किया गया। जिसके आधार पर सुराग मिल गया। साइबर टीम की मदद से बदमाश की लोकेशन ट्रेस की गई और सिमरोल के ग्राम दातोद में पहुंचकर डॉबीज दी गई। जहां से सुरेश को गिरफ्तार किया गया और पूछताछ कर चोरी किए गए 4.60 लाख के आभूषण बरामद कर लिए। बदमाश ने कबूल किया कि वह नागदा चर्म रोग का उपचार करने आता है, इस दौरान उसने आभूषण दुकान पर नजर रखना शुरू कर दिया था। 29 मार्च को उपचार के लिए आया था, तभी रेकी की और मौका मिलते ही आभूषण लेकर भाग निकला था।

**इंदौर में ठिकाने लगाए थे आभूषण-** बताया जा रहा है कि नागदा से आभूषण चुराकर भागे बदमाश ने इंदौर सराफा क्षेत्र में एक व्यापारी को बेच दिये थे। पूछताछ में उसने व्यापारी मनीष पिता गट्टूलाल, निवासी कमाठीपुरा इंदौर की दुकान की जानकारी दी। जहां पहुंच कर पुलिस ने चोरी के आभूषण बरामद किये। व्यापारी का कहना था कि उसे आभूषण चोरी के होने का पता नहीं था सुरेश ने रुपयों की जरूर होना बात कर आभूषण दिए थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com